महानगर नई दिल्ली मंगलवार 18 जून, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## 17वीं लोकसभा का पहला सत्र, प्रधानमंत्री ने दिया नया मंत्र

# न पक्ष, न विपक्ष, केवल निष्पक्ष

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जून।

सत्रहवीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा, 'जब हम संसद आते हैं तो हमें पक्ष और विपक्ष भूल जाना चाहिए। हमें निष्पक्ष भावना के साथ मुद्दों के बारे में सोचना चाहिए और देश के व्यापक हित में काम करना चाहिए।'

विपक्ष को लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त बताते हुए कहा कि उन्हें अपनी संख्या को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है और उनका हर शब्द सरकार के लिए मूल्यवान है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि विपक्ष सक्रियता से बोलेगा और सदन की कार्यवाही में भागीदारी करेगा। उन्होंने सांसदों से कहा कि वे लोग सकारात्मक विचारों के साथ जनता की आवाज उठाने का काम करते रहें।

संसद भवन परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा, 'नई लोकसभा के गठन के बाद आज प्रथम सत्र प्रारंभ हो रहा है। अनेक नए साथियों के परिचय का यह अवसर है। नए साथी जब जुड़ते हैं तो नया उमंग, नया उत्साह, नए सपने भी जुड़ते हैं। भारत के लोकतंत्र की विशेषता और ताकत का अनुभव हम हर चुनाव में करते हैं। इस बार खास यह रहा कि आजादी के बाद सबसे ज्यादा महिला प्रतिनिधियों को चुना गया और सबसे अधिक मतदान हुआ। कई दशक के बाकी पेज 8 पर


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को संसद सत्र के पहले दिन मीडिया से बातचीत करते हुए।

**विपक्ष** को महत्त्वपूर्ण बताते हुए मोदी ने कहा, संख्या की चिंता न करें, आपका हर शब्द मूल्यवान
**सांसदों** से कहा, सकारात्मक रुख के साथ जनता की आवाज उठाते रहें

## प्रधानमंत्री, मंत्रियों सहित नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जून।

सत्रहवीं लोकसभा के पहले सत्र में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सहित नवनिर्वाचित सदस्यों ने निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। केरल के वायनाड से निर्वाचित हुए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई नेताओं ने भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली।

**राहुल, सोनिया समेत विपक्ष के नेताओं ने भी शपथ ली**

सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सदस्यों ने परंपरा के अनुसार 17वीं लोकसभा की पहली बैठक के 'पुनीत अवसर' पर कुछ मिनट का मौन रखा। नए सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान की धुन के साथ हुई। सदन की बैठक शुरू होने से पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वीरेंद्र कुमार को राष्ट्रपति भवन में कार्यवाहक लोकसभा अध्यक्ष बाकी पेज 8 पर

## 'ग्रामीण सेवा' चालक से मारपीट

# तीन पुलिसकर्मी निलंबित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

मुखर्जी नगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर रविवार को 'ग्रामीण सेवा' चालक और पुलिसकर्मियों में हुई मारपीट में दो पुलिस अधिकारियों व एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

इस बीच, गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बाकी पेज 8 पर


चालक से मिलने पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। *फोटो : आरुष चोपड़ा*

### बचाव में किया हमला

'ग्रामीण सेवा' चालक सरबजीत सिंह का कहना है कि उसने अपने बचाव में किरपान निकाल ली। एक पुलिसकर्मी ने उसे दबोचा तो उसने आपा खो दिया और हमला कर दिया।

### चालक और उसका बेटा भी शक के घेरे में

वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि सरबजीत का बेटा पुलिसकर्मियों पर वाहन चढ़ाने की कोशिश करता है, जिसके बाद पुलिसकर्मी मारपीट करते हैं।

पेज 3 चालक के बेटे को भी बनाया आरोपी
पिटाई पर गरमाई दिल्ली की सियासत

# अनंतनाग में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में मेजर शहीद

## सेना के कैप्टन व दो जवान घायल, दो आतंकी मार गिराए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जून।

जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के अचबल में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में सेना के मेजर केतन शर्मा शहीद हो गए और एक कैप्टन व दो जवान घायल हो गए। घायलों को श्रीनगर में सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। आतंकियों के साथियों की तलाश में सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।


शहीद मेजर केतन शर्मा

सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक समूह को बिदूरा गांव के पास घेरा था। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक, सोमवार सुबह अनंतनाग के अचबल में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ व एसओजी के संयुक्त दल ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकी हमले में शहीद और घायल जवान सेना की 19 राष्ट्रीय राइफल्स से जुड़े हुए हैं।

सेना प्रवक्ता के मुताबिक, मुठभेड़ में मेजर व कैप्टन समेत चार सैन्य कर्मी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। मारे गए दोनों आतंकियों के शव सुरक्षाबलों ने अपने कब्जे में ले लिए हैं। दोनों आतंकी स्थानीय हैं। अनंतनाग के एसएसपी अनंतनाग अल्ताफ खान ने दो आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि इनमें से एक की पहचान मोहम्मद असलम डार निवासी रेडवानी कुलगाम के रूप में हुई है। जबकि दूसरे की भी पहचान की जा रही है।

दरअसल, हाल में मुठभेड़ में अंसार गजावत उल हिंद के कमांडर जाकिर मूसा के मारे जाने के बाद आतंकियों ने हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान की तरफ से इस आशय का इनपुट मिलने के बाद सुरक्षा एजंसियों ने गश्त बढ़ा दी है। शुक्रवार को पुलवामा के अवंतीपोरा के ब्राव बंदिना इलाके में मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था।


सेना के जवानों ने मुठभेड़ स्थल की घेराबंदी की।

### पाक का संघर्षविराम उल्लंघन

पाकिस्तानी सेना ने पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर भारी गोलाबारी की। इसमें एक जवान और तीन स्थानीय लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान की ओर से पुंछ के तमाम रिहाइशी इलाकों में भारी गोलाबारी की गई, जिसके बाद भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया।

### सेना के काफिले पर हमला, नौ जवान घायल

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने सोमवार को ही सेना के एक काफिले को निशाना बनाते हुए आईईडी से हमला किया। इस हमले में नौ जवान घायल हुए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक, दक्षिण कश्मीर के इस जिले में अरिहाल-लस्सीपोरा सड़क पर आतंकवादियों ने ईदगाह अरिहाल के पास 44 राष्ट्रीय रायफल्स की एक गाड़ी और बुलेट व बारूदी सुरंग प्रूफ वाहन को निशाना बनाया। इस घटना के बाद सेना ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान चलाया। यह जगह, 14 फरवरी को हुए हमले वाली जगह से 27 किलोमीटर की दूरी पर है। आज के हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के बनिहाल में भी सीआरपीएफ के काफिले को कार बम से उड़ाने की साजिश रची गई थी, हालांकि आतंकी सफल नही हो सके।

## ममता ने मांगें मानीं, हड़ताल खत्म

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जून।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा बढ़ाने की घोषणा किए जाने के बाद राज्य में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने सप्ताह भर से चली आ रही अपनी हड़ताल को वापस ले लिया। डॉक्टरों के एक प्रतिनिधि ने कहा, 'हम बैठक से संतुष्ट हैं।'

राज्य सचिवालय नवान्न के पास स्थित एक सभागार में हुई बैठक का सीधा प्रसारण किया गया। हड़ताली डॉक्टरों ने बैठक के लिए यह शर्त रखी थी। हड़ताली डॉक्टरों की मांग पर मुख्यमंत्री ने मीडिया बाकी पेज 8 पर

## जेपी नड्डा भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष, शाह बने रहेंगे अध्यक्ष

नई दिल्ली, 17 जून (भाषा)।



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को सोमवार को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हालांकि अमित शाह फिलहाल पार्टी के अध्यक्ष बने रहेंगे। पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया।

संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बोर्ड के इस निर्णय की घोषणा की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रमुख अमित शाह शामिल हुए। नड्डा ने कहा, वे पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर उसकी मजबूती के लिए काम करेंगे। शाह को धन्यवाद देते हुए नड्डा ने कहा कि उनकी अगुआई में पार्टी ने नई ऊंचाइयों को छुआ।

सिंह ने ट्वीट किया, 'भाजपा संसदीय बोर्ड की आज बैठक हुई और नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। वे संगठनात्मक चुनाव होने तक कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे।' नड्डा को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी बाकी पेज 8 पर

## सेना के आलोचक पाक ब्लॉगर-पत्रकार की हत्या

इस्लामाबाद, 17 जून (भाषा)।

पाकिस्तान की शक्तिशाली सेना एवं जासूसी एजंसी आइएसआइ की आलोचना करने के लिए जाने जाने वाले 22 वर्षीय पाकिस्तानी ब्लॉगर एवं पत्रकार की यहां अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी।

'डॉन' समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से बताया कि मोहम्मद बिलाल खान अपने के मित्र के साथ थे, तभी उन्हें एक फोन आया जिसके बाद एक व्यक्ति रविवार रात को उन्हें निकटवर्ती जंगल लेकर गया। खान के ट्विटर पर 16000, यू-ट्यूब पर 48000 और फेसबुक पर 22000 फॉलोवर्स हैं। पुलिस अधीक्षक सद्दार मलिक नईम ने बताया कि संदिग्ध ने हत्या के लिए छुरे का इस्तेमाल किया। कुछ लोगों ने बंदूक चलने की भी आवाज सुनी। खान का मित्र गंभीर रूप से घायल हो गया।


बिलाल खान

ब्लॉगर एवं पत्रकार खान की हत्या के बाद हैशटैग सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहा है। कई ट्विटर यूजर्स ने कहा कि पाकिस्तानी सेना और आइएसआइ के आलोचक होने के कारण उनकी हत्या की गई। एक व्यक्ति ने ट्वीट किया, 'पाकिस्तानी पत्रकार मोहम्मद बिलाल खान बाकी पेज 8 पर

## भारतवंशी परिवार के चार लोग मृत, मिले गोलियों के निशान

वॉशिंगटन, 17 जून (भाषा)।

अमेरिका के आयोवा राज्य में एक भारतीय अमेरिकी आइटी पेशेवर, उनकी पत्नी और उनके दो नाबालिग बच्चे अपने घर में मृत मिले। उनके शवों पर गोली के निशान पाए गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वेस्ट डेस मोइनेस पुलिस ने बताया कि संभवतया आंध्र प्रदेश के रहने वाले चंद्रशेखर सुंकारा (44), लावन्या सुंकारा (41) और उनके 15 वर्षीय तथा 10 वर्षीय बेटे शनिवार सुबह अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस विभाग के अधिकारी शनिवार सुबह दस बजे घटनास्थल पहुंचे और 65वीं स्ट्रीट के 900 ब्लॉक में इन शवों को पाया।


चंद्रशेखर सुंकारा


लावन्या सुंकारा


दोनों बेटे

'एनबीसी न्यूज' ने वेस्ट डेस मोइनेस पुलिस के हवाले से बाकी पेज 8 पर

## भारत-अमेरिका व्यापार युद्ध की आशंका में लुढ़का शेयर बाजार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जून।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की आशंका में सोमवार को शेयर बाजार लुढ़क गया। कारोबारी सत्र के पहले दिन शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ।

अमेरिका द्वारा भारत को जीएसपी का दर्जा खत्म किए जाने और उसके बाद जवाबी कार्रवाई के तहत भारत सरकार द्वारा अमेरिका के 28 उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने का फैसला लागू करने से कारोबार युद्ध की आशंका बाजार पर हावी रही। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में ताजा भू-राजनीतिक तनाव और मानसून की प्रगति को लेकर चिंता से भी निवेशकों के मनोबल पर असर पड़ा है। वैश्विक निवेशकों ने सोमवार को जबरदस्त निकासी की।



इस्पात और एल्युमीनियम जैसे भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने के बाद भारत ने बादाम, दाल और अखरोट समेत 28 अमेरिकी उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ाया है। इससे व्यापार युद्ध बढ़ने की आशंका है। मोतीलाल ओसवाल सिक्यॉरिटीज के रिटेल रिसर्च के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने का कदम बाकी पेज 8 पर

## दरअसल




स्टॉकहोम स्थित संस्था सिपरी ने कहा | **रिपोर्ट** | दुनिया में 'कम लेकिन नए' परमाणु हथियार हैं


# भारत, चीन, पाकिस्तान बढ़ा रहे परमाणु हथियारों का जखीरा

स्टॉकहोम, 17 जून (एजंसी)।

दुनिया में पिछले वर्ष परमाणु हथियारों की संख्या में कमी आई है लेकिन देश अब अपने हथियारों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। यह जानकारी सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु हथियारों से संपन्न देश इन हथियारों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं और चीन, भारत तथा पाकिस्तान अपने हथियारों की संख्या बढ़ा रहे हैं।

स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (सिपरी) के अनुमान के मुताबिक 2019 की शुरुआत में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, इजराइल और उत्तर कोरिया के पास करीब 13 हजार 865 परमाणु हथियार थे। यह संख्या 2018 के शुरुआत की तुलना में 600 कम है। 2018 में परमाणु हथियारों की संख्या 14,465 थी। 13,865 परमाणु हथियारों में से 3,750 की बाकी पेज 8 पर

**किसके पास कितने परमाणु हथियार** *(सिपरी ईयरबुक 2019)*




**जनवरी 2019 परमाणु हथियार**

| देश | तैनात हथियार | अन्य हथियार | कुल |
|---|---|---|---|
| अमेरिका | 1750 | 4435 | 6185 |
| रूस | 1600 | 4900 | 6500 |
| यूके | 120 | 80 | 200 |
| फ्रांस | 280 | 20 | 300 |
| चीन | | 290 | 290 |
| भारत | | 130-140 | 130-140 |

"**दुनिया** कम लेकिन नए हथियार रखना चाहती है। अन्य देशों के पास कम परमाणु हथियार हैं और आकार में भी ये छोटे हैं। लेकिन भारत, पाकिस्तान और चीन न सिर्फ परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ा रहे हैं बल्कि इनका आकार भी अगले दशक तक बढ़ा लेंगे। उत्तर कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में सैन्य परमाणु कार्यक्रम केंद्रीय तत्व है।"
*-शैनन काइल, निदेशक, सिपरी परमाणु हथियार नियंत्रण कार्यक्रम*

मुखर्जी नगर मामले की जांच अपराध शाखा को सौंपी

# चालक के बेटे को भी बनाया आरोपी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

ग्रामीण सेवा चालक से मारपीट के मामले में मुखर्जी नगर थाने में सोमवार को दोनों पक्षों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दिल्ली पुलिस प्रवक्ता मधुर वर्मा ने बताया कि पीड़ित चालक सरबजीत सिंह की शिकायत पर मारपीट करने वाले आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, घायल पुलिसकर्मी योगराज और मुकेश की शिकायत पर चालक सरबजीत के खिलाफ भी शिकायत ली गई है। सरबजीत के नाबालिग बेटे को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। मामले की जांच अब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दी गई है।

बताया जा रहा है कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ अन्य धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। प्रवक्ता ने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद उत्तरी रेंज के संयुक्त आयुक्त मनीष कुमार अग्रवाल ने मामले की जांच की और प्रारंभिक स्तर पर दोषी पाए गए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मुखर्जी नगर थाने के बाहर पहुंचे और रविवार देर रात तक जमकर हंगामा किया। इस दौरान जब बातचीत करने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आए तो लोगों ने उनके साथ भी हाथापाई की और मारपीट की। इस दौरान भीड़ ने उनकी वर्दी तक फाड़ दी। कड़ी मशक्कत के बाद अधिकारी को थाने के अंदर भेजा गया और मामले को शांत कराया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एहतियातन थाने के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है, ताकि इलाके की कानून व्यवस्था ना बिगड़े।



सोमवार देर रात मुखर्जी नगर थाने के बाहर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

### पूरे दिन बना रहा तनाव का माहौल

मुखर्जी नगर में सोमवार को पूरे दिन तनाव का माहौल बना रहा। देर शाम तक स्थानीय लोग थाने के बाहर हंगामा करते रहे और कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे गुरु दर्शन सिंह ने कहा कि वीडियो में कई पुलिसकर्मी सरबजीत के साथ मारपीट करते हुए दिख रहे हैं। जब तक सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, यहां से कोई नहीं हटेगा।

### थाने में भी बेटे के साथ मारपीट का आरोप

सरबजीत का आरोप है कि उसके साथ थाने में भी मारपीट की गई और बेटे को ऐसे कमरे में ले जाकर पीटा गया, जहां सीसीटीवी नहीं है। वहीं इस संबंध में पुलिस का कहना है कि उसे थाने जरूर लाया गया लेकिन कोई गलत व्यवहार नहीं किया गया। सरबजीत का आरोप यह भी है कि वह पुलिसकर्मियों से गलती की माफी मांगता रहा। पर पुलिसकर्मी उसकी पिटाई करते रहे। वहीं, पुलिसकर्मियों का कहना है कि सरबजीत ने माफी नहीं मांगी, बल्कि वह मारपीट पर उतारू हो गया और कृपाण दिखाकर डराने लगा।

### देर रात तक चला प्रदर्शन

सोमवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मुखर्जी नगर थाने के बाहर पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया। इसके बाद सोमवार रात में भी लोग थाने और जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंच गए और दोनों जगहों पर सड़कें जाम कर दीं। यह प्रदर्शन देर रात तक चलता रहा। प्रदर्शन के दौरान लोग दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

### 'गाली-गलौज करने पर किया था विरोध'

सरबजीत सिंह ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी ने उससे रिश्वत नहीं मांगी थी बल्कि वह चौराहे से वाहन हटाने के लिए कह रहा था। बाद में वह गली-गलौज करने लगा, जिसका उन्होंने विरोध किया था। वह चाहते हैं कि उनके साथ वार्ता करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो ताकि आगे से कोई पुलिसकर्मी ऐसा व्यवहार किसी आम आदमी के साथ न करे।

# चालक की पिटाई पर गरमाई दिल्ली की सियासत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

मुखर्जी नगर की घटना के बाद दिल्ली की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने मामले को लेकर बयान जारी किए हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने जहां निष्पक्ष जांच की मांग की है वहीं आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पीड़ित ऑटो चालक के घर जाकर मुलाकात की। कांग्रेस ने इसे गैर जिम्मेदाराना हरकत बताया है। ऑटो चालक यूनियन ने भी घटना पर विरोध जताया है।

### मामले की निष्पक्ष जांच हो : मनोज तिवारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि सभ्य समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उन्होंने इस घटना पर खेद जताया और इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए और गुनाहगारों को बक्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने कभी भी ऑटो चालकों से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया है।



### चालक की मेडिकल जांच कराने पहुंचे संजय सिंह

घटना के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी ग्रामीण सेवा चालक सरबजीत सिंह के साथ खड़े दिखाई दिए। वे सरबजीत के घर पहुंचे और उसकी मेडिकल जांच कराई। 'आप' नेताओं के घर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में हंगामा किया। 'आप' नेताओं ने प्रदर्शनकारियों से शांत रहने की अपील की। परिवार से मिलने विधायक जरनैल सिंह, जगदीप सिंह, पंकज पुष्कर और अखिलेश पति त्रिपाठी पहुंचे थे।



### कांग्रेस बोली पुलिस की गैर जिम्मेदाराना हरकत

मारपीट की इस घटना को कांग्रेस ने पुलिस की गैर जिम्मेदाराना हरकत बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता जितेंद्र कोचर ने कहा कि मुखर्जी नगर थाने के बाहर एक ग्रामीण सेवा चालक को बेरहमी से पीटा गया। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। इस मामले में केवल अधिकारियों को निलंबित करने से काम नहीं चलेगा। यह एक गैर जिम्मेदाराना हरकत है और इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### ऑटो चालकों ने किया विरोध

ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने घटना पर विरोध जताते हुए कहा कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई मानवता को शर्मसार करने वाली है। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चालकों पर सरकारी एजंसियों और पुलिस का अत्याचार बढ़ता जा रहा है। उधर, सिख समुदाय ने भी इसकी निंदा की है। समाज के लोगों का कहना है कि पहले पुलिस ने चालक और उसके नाबालिग बेटे को जमकर मारा फिर इनके खिलाफ मामले दर्ज किए। उन्होंने इस मामले में गृह मंत्रालय से कड़ी कार्रवाई की अपील की है।



# आइपी ने पांच पाठ्यक्रमों के आवेदन की तिथि बढ़ाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय ने पांच पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 21 जून कर दी है। बीटेक, बीएएलएलएबी व बीबीएएलएलबी, एमसीए व एमसीए (सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग), मास्टर ऑफ लॉ और एमबीए, एमबीए (अंतरराष्ट्रीय व्यापार व वित्तीय विश्लेषण) में दाखिले के लिए पहले अंतिम तिथि 17 जून थी। इन सभी पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर प्रवेश होंगे।

आइपी विश्वविद्यालय में पांच साल बाद हुई प्रेसवार्ता में कार्यकारी कुलपति प्रोफेसर अशुतोष मोहन सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान दाखिला शाखा के संयुक्त कुलसचिव डॉक्टर नितिन मलिक ने प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने पांच पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 21 जून शाम 4 बजे तक कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि विवि ने इस साल एमवोक के तीन नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिनमें ऑटोमोबाइल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और इंटीरियर डिजाइन शामिल हैं। इनके अलावा एमससी (योग), बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक), पीजी डिप्लोमा योग थेरेपी, पीजी डिप्लोमा साइबर अपराध एवं कानून, पीजी डिप्लोमा सुरक्षा प्रबंधन और पीजी डिप्लोमा विक्टिमोलॉजी एंड विक्टम असिस्टेंस शामिल है।



### दस फीसद ईडब्लूएस कोटे के लिए सरकार के आदेश का इंतजार

विवि की ओर से कहा गया है कि हमें दिल्ली सरकार द्वारा दस फीसद ईडब्लूएस कोटे को लागू करने का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। सरकार इस पर विचार कर रही है। हमारी पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहते हुए यदि सरकार की ओर से कोटा लागू करने का आदेश आता है तो हम इसे तुरंत लागू कर देंगे।

### 'फीस की वजह से डिग्री को बंधक नहीं बना सकते कॉलेज'

विवि के कार्यकारी कुलपति प्रोफेसर आशुतोष मोहन ने कहा कि यदि कोई कॉलेज फीस के भुगतान नहीं होने की वजह से किसी विद्यार्थी की डिग्री या अंकपत्र को बंधक बनाता है तो विश्वविद्यालय उस कॉलेज के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक हमारे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। अगर आती है तो कार्रवाई की जाएगी। कॉलेजों को मान्यता के सवाल पर उन्होंने कहा कि विवि निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर किसी कॉलेज को मान्यता देता है। अगर उसके बाद भी कहीं कोई कमी रहती है तो उसे दुरुस्त किया जाएगा।

### 36 पाठ्यक्रमों की होगी ऑनलाइन काउंसलिंग

डॉक्टर मलिक ने बताया कि इस साल विवि 36 पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन काउंसलिंग करने जा रहा है। पिछले साल 10 पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन काउंसलिंग हुई थी। इससे आवेदकों को बहुत आसानी होगी और वे जहां हैं, वहीं से काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे।

# बढ़ा ऑटो किराया आज से लागू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

दिल्ली में ऑटो में यात्रा करने वाले मुसाफिरों को मंगलवार से ज्यादा किराया देना होगा, क्योंकि परिवहन विभाग के अधिकारियों ने भाड़े में 18.75 फीसद की बढ़ोतरी को लागू करने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। ऑटो के किराए में बढ़ोतरी विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले की गई है। इसका असर शहर में चलने वाले 90,000 से ज्यादा ऑटो रिक्शा वालों पर पड़ेगा जिन्होंने आम आदमी पार्टी के उत्थान में अहम भूमिका निभाई है।

# डीयू में पीएचडी, एमफिल और पीजी के पंजीकरण 22 जून तक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने स्नातकोत्तर (पीजी), एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 22 जून कर दिया गया है। पहले इन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की अंतिम तिथि 17 जून थी। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहले ही तिथि को बढ़ा दिया गया था।

पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि बढ़ाने के लिए डीयू छात्र संघ (डूसू) ने भी विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा था। डूसू अध्यक्ष शक्ति सिंह ने बताया कि डीयू की वेबसाइट में लगातार आ रही समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता है। इसी को देखते हुए हमने डीयू से पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग की थी। बाद में विश्वविद्यालय ने इस मांग को मान लिया।

इसके अलावा सोमवार को डीयू की प्रवेश के लिए बनी स्थायी समिति की भी बैठक हुई। इसमें निर्णय किया गया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पात्रता को पिछले साल की तरह ही कर दिया जाएगा। इसके अलावा समिति ने विश्वविद्यालय को एक दाखिला शाखा बनाने की संस्तुति भी भेजी है। ताकि यह शाखा पूरे साल दाखिले से संबंधित मामलों पर कार्य कर सके। विद्वत परिषद (एसी) के सदस्य डॉक्टर रसाल सिंह ने कहा कि परीक्षा शाखा की तरह ही दाखिला शाखा भी बनाई जाए ताकि यह शाखा साल भर दाखिले से जुड़े हितधारकों से बातचीत कर नीति का निर्धारण और उसे कार्यान्वित करे।




# स्नातक पाठ्यक्रमों की पात्रता में हुआ बदलाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

डीयू ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पात्रता में बदलाव करते हुए संशोधित पात्रता डीयू की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड दी है। डीयू ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 2019-20 के नियमों को बदलते हुए शैक्षणिक सत्र 2018-19 के नियमों को लागू किया है।

विश्वविद्यालय ने इस साल स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता में बदलाव किया था। इसको लेकर कुछ विद्यार्थी दिल्ली हाई कोर्ट तक पहुंच गए थे। अदालत ने मामले का संज्ञान लेते हुए पिछले सालके नियमों के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने का आदेश डीयू को दिया था। इसके साथ ही आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून से बढ़ाकर 22 जून तक करने का भी आदेश दिया था। इसके बाद डीयू प्रशासन ने जहां आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया। वहीं, सोमवार को पिछले साल के नियमों के अनुसार आवेदन स्वीकार करने की जानकारी देते हुए संशोधित दाखिला पात्रता मानदंडो को भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

# सेंट स्टीफंस में 24 से 27 जून के बीच होंगे खेल कोटे के सत्यापन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

डीयू की पंजीकरण तिथि बढ़ने के कारण सेंट स्टीफंस कॉलेज का दाखिला कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ है। आवेदन 22 जून तक होने के कारण सेंट स्टीफंस ने खेल कोटे के सत्यापन का नया कार्यक्रम जारी किया है। अब 24 जून से सत्यापन शुरू होगा जो 27 जून तक चलेगा। 24 जून को स्क्वैश (पुरुष) क्रिकेट (पुरुष), टेबल टेनिस व बैडमिंटन के लिए दस्तावेजों का सत्यापन होगा। 25 जून को बॉस्केटबॉल, शूटिंग, फुटबॉल (वुमेन), 26 जून को तैराकी व लॉन टेनिस व फुटबॉल (पुरुष) का सत्यापन होगा। अर्थशास्त्र ऑनर्स, इतिहास ऑनर्स, अंग्रेजी ऑनर्स, दर्शनशास्त्र ऑनर्स, बीएससी गणित ऑनर्स, भौतिक शास्त्र ऑनर्स, रसायन शास्त्र ऑनर्स, बीएससी प्रोग्राम रसायन शास्त्र आदि पाठ्यक्रम के लिए अभी साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

EXPRESS Careers

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(निफ्ट अधिनियम, 2006 द्वारा शासित एक सांविधिक संस्थान)
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
निफ्ट परिसर, हौज खास, समीप गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली-110016

विज्ञापन संख्या- 05/Rectt. Group-A&B Posts/Deputation/2019
राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय तथा देश भर में स्थित 16 कैम्पसों सहित फैशन व्यवसाय शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान, केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/यू.टी./स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक उपक्रमों आदि में नियमित आधार पर कार्यरत व्यक्तियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर निफ्ट हेड ऑफिस/कैम्पसों में कार्यकारी इंजीनियर, सहायक निदेशक, कंप्यूटर इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर (सिविल) और जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रीकल) के पदों के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.07.2019, सायं 5:00 बजे है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट www.nift.ac.in पर जाएं।



**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 33.3 डि.से. | 33.3 डि.से. | 31.6 डि.से. | 31.9 डि.से. |
| न्यूनतम | 28.0 डि.से. | 28.0 डि.से. | 27.9 डि.से. | 29.0 डि.से. |



## एम्स

# मारपीट से नाराज डॉक्टरों ने ठप की सेवाएं

जनसत्ता संवाददाता
नइ दिल्ली, 17 जून।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रॉमा सेंटर के इमरजेंसी सेवा में तैनात एक जूनियर डॉक्टर के साथ रविवार देर रात मरीज के परिजनों की ओर से कथित हाथापाई और गाली-गलौज की घटना के बाद साथी चिकित्सकों ने हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल सोमवार दोपहर 12 बजे से मंगलवार सुबह छह बजे तक की गई। इस बीच रेजीडेंट डॉक्टरों ने एम्स परिसर में विरोध मार्च भी किया। एम्स रेजिडेंट डॉक्टरों की एसोसिएशन ने पहले तय किया था कि मरीजों के हित में वे आइएमए की ओर से रखी गई हड़ताल में शामिल नहीं होंगे। लेकिन इस घटना के बाद फैसला बदलना पड़ा।

पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों पर हुई हिंसा के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल की जगह एम्स के रेजीडेंट डॉक्टरों ने अपनी बैठक में तय किया था कि वे मरीजों के हित में सोमवार को काम करना जारी रखेंगे। क्योंकि यहां मरीजों वैसे ही लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसलिए हड़ताल के बजाय विरोध में पट्टी व हेलमेट लगाकर काम करने का फैसला लिया गया था। लेकिन इस बैठक के बाद एम्स के ट्रॉमा सेंटर में झड़प व हाथापाई का एक मामला सामने आ गया लिहाजा एम्स आरडीए को अपना फैसला बदलना पड़ा।

डॉक्टरों ने बताया कि ओपीडी सेवा, नियमित आपरेशन थियेटर और वार्ड राउंड सेवाएं सोमवार की दोपहर से मंगलवार की सुबह छह बजे तक बंद कर दी गई हैं, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं, गहन चिकित्सा कक्ष (आइसीयू) और प्रसूति कक्ष सेवाओं को इस हड़ताल से बाहर रखा गया है। कई डॉक्टरों ने सिर पर सफेद पट्टी और बाजू पर काली पट्टी बांधकर मरीजों को देखा। एम्स आरडीए ने एक बयान में कहा है कि हम एक बार फिर पश्चिम बंगाल सरकार से हड़ताल कर रहे डॉक्टरों की मांगों को पूरा करने और मामले को मैत्रीपूर्ण ढंग से सुलझाने का अनुरोध करते हैं। कई डॉक्टरों ने विरोध जताने के लिए अपने-अपने परिसरों में मार्च निकाला। इस दौरान जिन मरीजों को हड़ताल की जानकारी नहीं थी, वे इलाज के लिए अस्पताल पहुंच गए तो घंटों इंतजार करना पड़ा या वापस लौटना पड़ा। एम्स के सर्जरी विभाग में भर्ती चार अलग-अलग मरीजों ने बताया कि उनका अपरेशन पिछले एक हफ्ते से टल रहा है, जबकि रोज हड़ताल नहीं थी।







आरडीए के पदाधिकारियों की ओर से प्रेसवार्ता की गई (1) और एम्स में हड़ताल के बाद परेशान घूमते नजर आए मरीज और तीमारदार (2)।
फोटो : आरुष चोपड़ा

### यह है मामला

एम्स रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के अध्यक्ष डॉ अमरिंदर सिंह मल्ही ने बताया कि रविवार रात साढ़े 11 बजे जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में अपने सहायक के साथ एक जख्मी मरीज इलाज कराने पहुंचा। सिंह ने दावा किया कि वह पहले अपने मरीज को देखने की जिद कर रहा था, जबकि डॉक्टर अन्य गंभीर मरीजों को देख रहे थे। डॉक्टरों ने उनको थोड़ा रुकने को कहा तो आरोप है कि सहायक डॉक्टरों के साथ अभद्रता करने लगा और हाथापाई की। आरडीए ने अपने जारी बयान में कहा है कि ट्रॉमा सेंटर में एक गंभीर रोगी को तरजीह देने के लिए एक डॉक्टर पर हमला किया गया। इस बारे में एम्स पुलिस चौकी ने कहा कि उन्हें एक शिकायत मिली है कि डॉक्टर को उसकी जिम्मेदारी निभाने से रोका गया। मरीज के संग आए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और मामला दर्ज किया गया है।

## एलएनजेपी के चिकित्सकों ने निकाला विरोध मार्च

जनसत्ता संवाददाता
नइ दिल्ली, 17 जून।

लोकनायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सकों ने सोमवार को विरोध मार्च किया। यहां के सभी पंजीकरण काउंटरों पर सन्नाटा पसरा रहा। मरीज जो आ रहे थे और बिना इलाज के ही वापस जो रहे थे। जबकि गंभीर मरीजों को आपातकालीन वार्ड में भेजा जा रहा था। कुछ मरीजों का कहना था कि वे कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उनको इलाज नहीं मिल रहा है। जबकि कई मरीजों का कहना था कि वे काफी दूर से आएं हैं लेकिन इलाज नहीं मिला। इस तरह जीबी पंत, गुरुनानक नेत्र चिकित्सालय, मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज व अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल, संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल व राजा हरिश्चंद्र अस्पताल सहित कई चिकित्सा केंद्रों में के डॉक्टर भी हड़ताल में शामिल रहे।

## दिल्ली में अवैध हथियारों की आपूर्ति करने का आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

● आरोपी मेवात से लाकर पश्चिमी और दक्षिणी-पश्चिमी जिले के बदमाशों को हथियारों की आपूर्ति करता था

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने द्वारका से एक अंतरराज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तीन पिस्तौल जब्त किए गए हैं। यह आरोपी मेवात से लाकर पश्चिमी और दक्षिणी-पश्चिमी जिले के बदमाशों को हथियारों की आपूर्ति करता था। गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान सन्नी उर्फ प्रेम के तौर पर हुई है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त आयुक्त अजीत कुमार सिंघला के मुताबिक टीम में तैनात कांस्टेबल श्याम सुंदर और प्रवीण को सूचना मिली कि द्वारका सेक्टर-16 में एक तस्कर मेवात से हथियार लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सन्नी को गिरफ्तार किया। जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपी सागरपुर थाने का घोषित बदमाश है। शुरू में उसने जुए से अपराध की शुरुआत की थी। इसके बाद हत्या के प्रयास, लूट, अपहरण, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़ और एक्साइज एक्ट के मामलों में शामिल रहा। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह मेवात इलाके से हथियार खरीदकर दिल्ली में बदमाशों को बेचता था।




**विरोध** बिहार के मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार से हो रही बच्चों की मौत पर दिल्ली में हुए प्रदर्शन में बच्चे भी हुए शामिल

## दिमागी बुखार से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करे सरकार : माकपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जून।

● पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस समस्या के प्रभावित इलाकों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बिहार में दिमागी बुखार से बच्चों की मौत की घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से युद्ध स्तर पर प्रयास करने की मांग की है।

माकपा पोलित ब्यूरो की ओर से सोमवार को इस बारे में जारी बयान में दिमागी बुखार से बिहार में 100 से अधिक बच्चों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि राज्य के विभिन्न इलाकों खासकर मुजफ्फरपुर में इसका संक्रमण तेजी से फैल रहा है। पोलित ब्यूरो ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार चिकित्सा अधिकारियों को स्थिति से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर एहतियाती उपाय करने की जरूरत है। पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस समस्या के प्रभावित इलाकों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पोलित ब्यूरो ने कहा कि पार्टी की ओर से डॉक्टरों का दल भेजा जाएगा। यह प्रभावित इलाकों में पीड़ित परिवारों को चिकित्सा सेवा सहित अन्य सहायता मुहैया कराने में मदद करेगा।

## कांग्रेस की कलह

## विधानसभा चुनाव में आपदा साबित होंगी शीला दीक्षित : गोयल

नई दिल्ली, 17 जून (भाषा)।

कांग्रेस में अंदरूनी कलह सोमवार को तब सामने आ गई जब एक वरिष्ठ नेता ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की करारी शिकस्त की वजह से पद से हटाने की मांग की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लिखी चिट्ठी में दिल्ली मेट्रोपोलिटन काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम गोयल ने दीक्षित को हटाने की मांग की और अगले साल शुरू में होने वाले विधानसभा चुनाव किसी नए चेहरे के साथ लड़ने का सुझाव दिया।

यह काउंसिल अब अस्तित्व में नहीं है। गोयल ने कहा कि शीला दीक्षित विधानसभा चुनावों में एक आपदा साबित होंगी गोयल के पत्र से पहले, कांग्रेस नेता रोहित मनचंदा ने दिल्ली इकाई के एआइसीसी प्रभारी पीसी चाको को बदलने की मांग की थी। दीक्षित ने कहा, 'ठीक है। यह उनकी राय है।' लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर दीक्षित और चाको में गंभीर मतभेद थे। दीक्षित गठबंधन के खिलाफ थीं तो चाको चाहते थे कि गठजोड़ हो जाए। आखिरकार दोनों दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा।

गोयल ने कहा, 'दीक्षित तीन लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हारी हैं। इस बार वह पार्टी की हार की जिम्मेदारी से बच नहीं सकती हैं। वह अपनी उम्र की वजह से जमीन पर सक्रिय नहीं हो सकीं और पार्टी का नेतृत्व नहीं कर सकीं। वह विधानसभा चुनावों में एक आपदा साबित होंगी'। पत्र में गोयल ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस को कपिल सिब्बल या योगानंद शास्त्री को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री को दिल्ली कांग्रेस प्रमुख पद से हटाने की मांग की

## दोगुना करने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

देश बंधु गुप्ता रोड थाना क्षेत्र में दो ठगों ने राजस्थान के कारोबारी महावीर प्रसाद को 'पर्ची खींचो दोगुना इनाम पाओ' का झांसा देकर करीब 60 हजार रुपए ठग लिए। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित महावीर प्रसाद की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक महावीर ने अपनी शिकायत में बतया है कि वह 15 जून की सुबह बेटे पंकज के साथ सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन से सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर उतरे थे। वहां से वह टैंक रोड पर एटीएम में से 8000 रुपए निकाले। तभी पीछे से एटीएम में मौजूद युवक भी वहां आ गया। उसने अपने 'पर्ची खींचने' वाले काम के बारे में बताया। युवक के कहने पर महावीर ने भी 10 हजार की पर्ची खींची जो खाली निकल गई। युवक ने लालच दिया तो महावीर ने 50 हजार रुपए की पर्ची खींची। मगर यह भी खाली निकली। इस तरह ठगों ने उससे 60 हजार रुपए ठग लिए। बाद में वे फरार हो गए। इसके बाद उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### एटीएम क्लोन से ठगने का आरोपी नाइजीरियन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

दक्षिणी-पूर्वी जिला पुलिस ने एक नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है, जो न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक मेगा स्टोर संचालक को लाखों रुपए का चूना लगाने वाला था। आरोपी ने एक क्लोन कार्ड से 450 किलो घी करीब ढाई लाख रुपए का खरीदा थी। संचालक ने शक होने पर जब कार्ड के बारे में पूरी जानकारी मांगी तो वह वहां से फरार हो गया। समय रहते संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद नाइजीरिया निवासी शौक्सी एबे (45) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर क्लोन किया हुआ एटीएम कार्ड जब्त किया है, जो अमेरिका के डिस्कर बैंक का है।

### 2016 में ऑनलाइन ठगी की दोबारा खुली फाइल

## कारोबारी को महंगी कार बेचने के नाम पर लूटने वाले तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

**जांच अधिकारी के बदलने के बाद ठंडे बस्ते में थी पड़ताल**

दरियागंज थाना पुलिस ने 90 लाख रुपए की मर्सिडीज बेंज कार 22 लाख रुपए में बेचने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह में एक नाइजीरियन समेत तीन ठगों को गिरफ्तार किया गया है। मामला 2016 का है, जो जांच अधिकारी के बदलने के बाद लगभग ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। आरोपियों ने दिल्ली के एक कारोबारी से 22 लाख 75 हजार रुपए की ठगी की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नाइजीरियन निवासी जगालो उर्फ बाबा मोबाइल (38), मुंबई निवासी मंगेश (32) और शिब्बू (27) के रूप में हुई है। पीड़ित कारोबारी मनीष ने 2016 में बिक्री वेबसाइट क्विकर पर मर्सिडीज बेंज कार का विज्ञापन देखा था।

करीब 90 लाख रुपए की कार 22 लाख रुपए में मिल रही थी। फोन पर संपर्क किया तो आरोपियों ने इंग्लिश में बात कर उसे विश्वास में ले लिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि आरोपियों ने इसी बीच 31 अगस्त, 2016 को उससे 22 लाख रुपए खाते में मंगवाए। कार दिल्ली भेजने की बात कही गई।

दो दिन बाद फिर ट्रांसपोर्ट चार्ज के नाम पर 75 हजार रुपए लिए गए, जिसके बाद फोन बंद कर लिए गए। 2017 में पीड़ित ने दरियागंज थाने में ठगी की शिकायत दी। पर कुछ समय बाद जांच अधिकारी बदल गए। इस बीच दरियागंज थाने में इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बतौर थाने का कार्यभार संभाला। उन्होंने इस मामले की जांच नए सिरे से एसआइ बलजिंदर को दी। बलजिंदर अपनी टीम के सोमनाथ गिल के साथ मुंबई पहुंचे। पुलिस ने मंगेश नाम के शख्स को पकड़ा और दिल्ली ले आई। मंगेश ने पूछताछ के बाद बताया कि वारदात में उसका जीजा शिब्बू व नाइजीरियन जगालो शामिल है। मंबई में पुलिस ने शिब्बू और जगालों को भी पकड़ा। जगालो ने खुलासा किया कि उसका भी एक बॉस है, जो उसे ठगी की रकम में से 30 फीसद हिस्सा देता है।

## बीएसईएस अधिकारी बनकर ठगने का प्रयास, एक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 जून।

● आरोपी के दो साथी फरार बताए जा रहे हैं

पुलिस और बीएसईएस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है जो एक उपभोक्ता से इस बिजली आपूर्ति कंपनी का प्रवर्तन अधिकारी बनकर धन एंठने का प्रयास कर रहा था।

बीएसईएस के प्रवक्ता सीपी कामत ने बताया कि इस गिरोह के एक सदस्य और बुध विहार निवासी रवि कुमार को गत सप्ताह गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसके दो साथ फरार हो गए। इस गिरोह के सदस्य बीएसईएस की प्रवर्तन शाखा के अधिकारी बन कर ग्रेटर कैलाश इलाके के एक निवासी से 30 हजार रुपए उगाहने की कोशिश कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर बीएसईएस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस और उपभोक्ता की मदद से जाल बिछाकर कुमार को पकड़ लिया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे। मामले में प्राथमिकी दर्ज करके जांच की जा रही है।

# आतंकियों को पैसा

अब तो यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद दे रहा है और इस पैसे का इस्तेमाल विशेषरूप से भारत में अशांति और अस्थिरता फैलाने में किया जाता रहा है। हालांकि यह पहले से स्थापित सत्य है और इस बारे में भारत ठोस सबूतों के साथ अपना पक्ष रखता रहा है। दुनिया के दूसरे देश भी यह अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद देता है। लेकिन अब तो वे लोग जिन्हें पाकिस्तान से पैसा मिलता रहा है, खुद इस बात को कबूल रहे हैं। इसके अलावा, आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद उपलब्ध कराने पर नजर रखने वाली संस्था- फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने भी खुलासा किया है कि पाकिस्तान आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उसने इस दिशा में जो भी कदम उठाए हैं वे दिखावे से ज्यादा कुछ नहीं हैं। हाल में पाकिस्तान के बारे में ऐसी जो खबरें आई हैं, वे चौंकाने वाली हैं। इससे एक बात स्पष्ट है कि पाकिस्तान पर चाहे जितना अंतरराष्ट्रीय दबाव पड़े, वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आने वाला। हालांकि हाल में उसने पहली बार आतंकी हमले के बारे में भारत को सूचना देकर दुनिया के समक्ष अपने को भारत के हमदर्द के रूप में दिखाने की कोशिश की है। लेकिन अब तक का पाकिस्तान का जो इतिहास रहा है, उसे देखते हुए भरोसा करना भी खतरे से खाली नहीं होगा।

जम्मू-कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के समक्ष इस बात का खुलासा किया है कि पाकिस्तान से उसे जो पैसा मिलता था, उसका इस्तेमाल वह घाटी में सेना और सरकार के खिलाफ महिलाओं से प्रदर्शन करवाने के लिए करती थी। सिर्फ आसिया को नहीं, ज्यादातर अलगाववादी नेताओं को पाकिस्तान सिर्फ इसलिए पैसे देता है कि वे घाटी में अलगाववादी आंदोलन, धरने-प्रदर्शन, पथराव जैसी गतिविधियां चलवाते रहें। इसी पैसे से अलगाववादी नेताओं ने घाटी में कई जगहों पर जायदाद बना ली हैं और बड़े कारोबार खड़े कर लिए हैं। एनआइए जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठनों को मिलने वाले पैसे की गहराई से जांच कर रही है, ताकि पैसे के मूल स्रोत तक पहुंचा जा सके। यह जांच इसलिए जरूरी हो गई थी कि अब तक अलगाववादी संगठनों के नेता यही कहते आए हैं कि उन्हें पाकिस्तान से इस तरह की कोई मदद नहीं मिलती और उनका मकसद आजाद कश्मीर के लिए संघर्ष है। पाकिस्तान भी यही कहता रहा है कि वह किसी आतंकी या अलगाववादी संगठन को मदद नहीं देता है। लेकिन एनआइए की जांच और अलगाववादी नेताओं के कबूलनामे ने पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है।

आतंक पर लगाम लगाने के लिए सबसे पहली जरूरत है कि आतंकी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद बंद हो। एफएटीएफ ने आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद रोकने के लिए पाकिस्तान के लिए सत्ताईस मानक तय किए थे। लेकिन पाकिस्तान इनमें से पच्चीस मानकों पर खरा नहीं उतरा है। जाहिर है, आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद रोकने की जो जिम्मेदारी उसे सौंपी गई, उस पर वह खरा नहीं उतरा। एफएटीएफ ने साल भर पहले पाकिस्तान को निगरानी सूची में डाल दिया था। लेकिन साल भर में पाकिस्तान सरकार ऐसा कोई ठोस काम नहीं कर पाई जिससे लगता कि वह आतंकी संगठनों पर लगाम कस रही है। हाल में एफएटीएफ की बैठक में भारत ने वे सारे ठोस सबूत रखे हैं जो यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि कैसे पाकिस्तान घाटी में अलगाववादियों को पैसा पहुंचा रहा है। एफएटीएफ के कड़े रुख से पाकिस्तान को अब समझ जाना चाहिए कि अगर वह आतंकी संगठनों की मदद करना बंद नहीं करेगा तो उसे इसकी भारी कीमत चुकाने को तैयार रहना चाहिए।

# मिसाल बेमिसाल

कहते हैं- जहां चाह, वहां राह। वाकई इसमें कोई शक भी नहीं है। दुनिया में ऐसे जुनूनी लोगों की कमी नहीं है जिन्होंने अपने दम पर समाज को, व्यवस्था को बदल, कुछ नया करके इतिहास में नाम दर्ज कराया है। ऐसे जीवटता वाले लोग ही संकल्प करते हैं और उसे पूरा कर-के दिखाते हैं। ऐसी शख्सियतें किसी सरकारी मदद की भी मोहताज नहीं होतीं। ये प्रेरणा के ऐसे स्रोत हैं जो अपने बूते समाज के लिए ऐसे बड़े काम कर जाते हैं जो दुनिया के सामने मिसाल बनते हैं और लोगों को रास्ता दिखाते हैं। अक्सर हमें ऐसे लोगों के बारे में पढ़ने-सुनने को मिलता है और जब हम उनके काम को कसौटी पर परखते हैं तो लगता है कि यह असंभव नहीं था। इसके लिए लगन, मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा की जरूरत होती है, जिसका आज हर जगह समाज, नागरिक संगठनों से लेकर सरकार तक में अभाव दिखाई दे रहा है। आज जब देश में अधिसंख्य प्राथमिक स्कूल खस्ताहाल हैं, एक सरकारी शिक्षक ने यह साबित कर दिखाया कि चाहें तो हम खुद नागरिकों के सहयोग से स्कूलों को खड़ा कर सकते हैं। इस शिक्षक की यह उपलब्धि दूसरों के लिए मिसाल है।

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में एक बेहद पिछड़े गांव अर्जुनपुर गढ़ा में जिस तरह से एक प्राथमिक विद्यालय को अकेले एक शिक्षक की पहल और प्रयास ने आज आदर्श विद्यालय बना दिया, वह मामूली काम नहीं है। इस काम में उन्हें साढ़े तीन दशक का लंबा वक्त लगा, लेकिन उन्होंने प्रयास नहीं छोड़े, हिम्मत नहीं हारी और व्यवस्था के सामने अपने को टिकाए रखा। इस शिक्षक ने 1982 में जब यहां नौकरी शुरू की, तब स्कूल की इमारत जर्जर थी और उस पर गांव वालों का कब्जा था। बच्चे आने का तो सवाल ही नहीं था। ऐसे में और कोई शिक्षक होता तो शायद दी ऐसा जोखिम लेता। लेकिन इस शिक्षक ने इस विद्यालय के कायाकल्प का संकल्प किया, जिसका सुफल आज गांव को मिल रहा है। आज गांव के इस स्कूल में बड़ा बगीचा, बच्चों के लिए भोजन कक्ष, साफ-सुथरा माहौल जैसी सुविधाएं तो हैं ही, सबसे बड़ी चीज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। इस जीवट वाले शिक्षक के सामने बुनियादी सुविधाएं जुटाने से भी सबसे बड़ी चुनौती तो यह थी कि बच्चों को कैसे स्कूल लाया जाए, कैसे उनके परिवारों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाए। लेकिन इसमें अंततः कामयाबी हासिल हुई। आज यहां बच्चों को पढ़ाई के अलावा बागवानी, स्वच्छता जैसे कामों से भी जोड़ा जाता है। इस विद्यालय ने जिस तरह अपने को खड़ा किया, उससे दूसरे स्कूलों को सीखने की जरूरत है।

ऐसी चुनौतियां जीवन में तब आती हैं जब हमारे पास कुछ होता नहीं है और हमारे सपने और लक्ष्य काफी बड़े होते हैं। तभी रास्ते बनते हैं। सिर्फ स्कूल इसके उदाहरण नहीं हैं। अगर सरकार ने दशकों तक सड़क नहीं बनाई तो गांव वालों ने खुद ही पहल की और पहाड़ खोदते हुए सड़क तक बना लीं। ऐसा एक नहीं कई जगह हुआ। दशरथ मांझी की कहानी हम सब जानते हैं। लोगों ने अपने बूते तालाब तक बना डाले। आज गांवों में सरकारी स्कूलों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। पीने के पानी का इंतजाम नहीं है। सड़कें नहीं हैं। हालत यह है कि सरकारें और जनप्रतिनिधि कभी ऐसे इलाकों में जाकर सुध तक नहीं लेते। इसलिए लोगों को ऐसा बीड़ा उठाने को मजबूर होना पड़ता है। हालांकि जनभागीदारी कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन क्या भ्रष्ट और निकम्मे सरकारी तंत्र को इससे कुछ सीखना नहीं चाहिए!

## कल्पमेधा

**कागज अपनी किस्मत से उड़ता है और पतंग अपनी काबिलियत से। इसलिए किस्मत साथ दे या न दे लेकिन काबिलियत जरूर साथ देती है।**
**-एपीजे अब्दुल कलाम**

# बिजली वाहनों का भविष्य

अतुल कनक

> बिजली से चलने वाले तंत्र के विकास के बाद कारें काफी महंगी हो जाएंगी और यह बढ़ी हुई कीमत आम ग्राहक को आकर्षित नहीं कर सकेगी। भारत सरकार इस समस्या के समाधान के लिए 'क्रेडिट प्वाइंट' जैसी सुविधा या टोल टैक्स आदि में कुछ खास किस्म की छूट का प्रावधान कर सकती है। चीन, अमेरिका या यूरोपीय संघ के सदस्यों की तरह इन वाहनों की खरीद पर सबसिडी देने का विचार फिलहाल भारत सरकार का नहीं है।

इस आवश्यकता को बहुत दृढ़ता के साथ रेखांकित किया जा चुका है कि सड़कों पर पेट्रोल या डीजल से चलने वाले वाहनों, विशेषकर कारों और दुपहिया वाहनों को बिजली से चलने वाले वाहनों से विस्थापित किया जाना चाहिए। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि यदि ऐसा कर पाना संभव हो सका तो पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद में खर्च होने वाला देश का बहुत सारा धन भी बचाया जा सकता है। एक बार फिर सड़क परिवहन मंत्रालय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है और इस बात की पूरी संभावना है कि वह 'इलेक्ट्रिक व्हीकल्स' यानी बिजली से चार्ज होकर चलने वाले वाहनों को प्रोत्साहित करने की अपनी योजना को ठोस रूप देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा।

भारत ही नहीं दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति जागृति आई है और उन वाहनों को बेहतर विकल्प माना जा रहा है जिनकी बैटरी को बिजली से चार्ज करके आसानी से चलाया जा सकता है। चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों ने तो ऐसे वाहनों की खरीद पर आर्थिक प्रोत्साहन (सबसिडी आदि) देना भी प्रारंभ कर दिया है। भारत में भी कुछ प्रमुख कार उत्पादकों ने इस दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल की है। बिजली से चलने वाले वाहन चूंकि भविष्य की जरूरत हैं और इस क्षेत्र में व्यापार की नई संभावनाएं छिपी हैं, इसलिए कुछ बड़ी कंपनियों ने तो इस दिशा में शोध, प्रयोग और अनुसंधान हेतु अच्छा खासा निवेश भी कर दिया है। उधर, भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कुछ दिन पहले ही एक अप्रैल 2020 के बाद डीजल गाड़ियों का उत्पादन शनैः शनैः बंद कर देने का एलान कर दिया था। यह वह तारीख है जब वाहनों के लिए भारत-6 (बीएस-6) मानक अस्तित्व में आ जाएगा। तब मानकों के अनुसार डीजल इंजन बनाना डेढ़ लाख रुपए तक महंगा हो जाएगा।

दरअसल, पेट्रोल वाहनों की तुलना में डीजल से चलने वाले वाहन पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2018 के अनुसार दुनिया भर में सबसे प्रदूषित वायु वाले पंद्रह शीर्ष शहरों में से दस शहर भारत के हैं। इसने भी नीति-नियंताओं को इस बात के लिए विवश किया कि वे हवा में वाहनों के कारण फैलने वाले प्रदूषण के समाधान के बारे में सोचें। लेकिन शहरों के विस्तार के कारण सभी वाहनों पर तो पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। बेशक सार्वजनिक परिवहन एक समुचित समाधान हो सकता है, लेकिन नागरिकों को निजी वाहनों के उपयोग से पूर्णतः वंचित कर देना किसी भी दृष्टि से श्रेयस्कर नहीं कहा जा सकेगा।



ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहन एक श्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं। भारत की योजना यह है कि सन 2030 तक सड़कों पर मौजूद वाहनों में से तीस प्रतिशत वाहन बिजली से चलने वाले हों। लेकिन यह रास्ता इतना आसान नहीं है। बिजली से चलने वाले तंत्र के विकास के बाद कारें काफी महंगी हो जाएंगी और यह बढ़ी हुई कीमत आम ग्राहक को आकर्षित नहीं कर सकेगी। भारत सरकार इस समस्या के समाधान के लिए 'क्रेडिट प्वाइंट' जैसी सुविधा या टोल टैक्स आदि में कुछ खास किस्म की छूट का प्रावधान कर सकती है। चीन, अमेरिका या यूरोपीय संघ के सदस्यों की तरह इन वाहनों की खरीद पर सबसिडी देने का विचार फिलहाल भारत सरकार का नहीं है। यों बीएस-6 मानक लागू होने के बाद डीजल कारों की कीमत में प्रत्याशित वृद्धि भी बिजली से चलने वाली कारों को प्रोत्साहित कर सकती है। यहां यह तथ्य भी महत्त्वपूर्ण है कि कुछ साल पहले तक भारत में डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बहुत अंतर रहा करता था। पेट्रोल की तुलना में डीजल बहुत सस्ता हुआ करता था। लेकिन अब स्थिति वैसी नहीं है।

लेकिन बिजली से चलने वाले वाहनों की खरीद के बाद ही उपभोक्ता वाहन के अपरिमित उपयोग के प्रति निश्चिंत नहीं हो सकेगा। बिजली से चलने वाली कारों में जिस लीथियम आयन बैटरी का इस्तेमाल होता है, उस बैटरी को एक बार पूरी तरह चार्ज करने के बाद सामान्य परिस्थितियों में कार को दो सौ से तीन सौ किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। सामान्यतः शहरों में तीस से लेकर चालीस किलोमीटर तक गाड़ी प्रतिदिन चलती है। ऐसे में यह स्थिति पहली नजर में तो आदर्श प्रतीत होती है कि एक बार गाड़ी को चार्ज करने के बाद उसे अपनी मंजिल तक ले जाया जाए। लेकिन एक बार बैटरी खत्म होने के बाद उसे पूरी तरह चार्ज करने के लिए पूरी रात चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार द्रुत गति से चार्ज करने वाले चार्जिंग स्टेशनों पर बैटरी बीस से पच्चीस मिनट में पूरी तरह चार्ज हो सकती है। लेकिन यदि बार-बार यह फास्ट चार्जिंग की गई तो इससे बैटरी पर बुरा असर पड़ेगा और वह अपेक्षाकृत कम समय तक ही चल पाएगी। उधर, पेट्रोल या डीजल खत्म होने पर किसी भी नजदीकी पेट्रोल-डीजल स्टेशन पर, जिनकी संख्या बहुत है, मनमाफिक ईंधन भरवाया जा सकता है। लेकिन देश में अभी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बहुत कम है और ऐसे में यदि बिजली से चलने वाली कार से किसी परिवार को लंबी यात्रा करनी पड़े तो उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

चार्जिंग में लगने वाले समय से बचने के लिए एक उपाय यह भी हो सकता है कि ऐसे विश्वसनीय स्टेशन विकसित किए जाएं जो डिस्चार्ज बैटरी के बदले चार्ज की हुई बैटरी उपलब्ध करा सकें। हालांकि कुछ कंपनियों ने इस दिशा में काम करना शुरू भी कर दिया है। लेकिन भारत में शहरों की दूरियां, सड़कों की हालत और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लोगों की आतुरता की प्रवृत्ति को देखते हुए इस दिशा में बहुत काम करना शेष प्रतीत होता है। विकसित देशों में सामान्यतः एक बैटरी एक लाख साठ हजार किलोमीटर या आठ वर्ष तक काम करती है। भारत में ये बैटरियां उपभोक्ताओं का कितना साथ निभा सकेंगी, यह आने वाला समय बिताएगा। लेकिन एक निश्चित अवधि के बाद बेकार हुई बैटरियों से निबटना भी समूची व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती होगा। प्लास्टिक कचरे से निबट रही दुनिया के सामने बेकार बैटरियों का ढेर लग जाएगा। ऐसे में आवश्यक है कि कारों के लिए बेकार हो चुकी बैटरियों को अन्य उपयोग में लाने के रास्ते सोचे जाएं। चीन और यूरोपीय संघ में तो कानून बना कर इन बैटरियों के समुचित व्यवस्थापन के लिए कार मालिकों को ही जिम्मेदार बनाया गया है और चीन में तो कुछ लोगों ने कार की बैटरियों को घरेलू उपयोग में लाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण काम भी किए हैं।

यदि बिजली से चलने वाली कारें बड़ी संख्या में भारत की सड़कों पर आईं तो बिजली की निर्बाध आपूर्ति भी आवश्यक होगी और कुछ शहरों को छोड़ दिया जाए तो इस स्थिति को हासिल कर पाना बहुत दुरूह लगता है। बेशक जिन लोगों के घरों में गैरेज हैं या जो अपने घर के भीतर कार खड़ी करते हैं, वो रात भर में बैटरी सहजता से चार्ज कर सकेंगे, लेकिन जो लोग अपने घर के बाहर गली में वाहन खड़ा करते हैं या अपने घर से दूर कार खड़ी करते हैं, उनके लिए वाहन की बैटरी को नियमित रूप से चार्ज करना बड़ी परेशानी का कारण बनेगा।

लेकिन तमाम परेशानियों के बावजूद डीजल और पेट्रोल के कारण होने वाले वायु प्रदूषण ने माहौल को जिस तरह दमघोंटू बना दिया है, उसे देखते हुए बिजली से चलने वाले वाहन हमारे समय की एक बड़ी जरूरत बन गए हैं। देखना है, सड़क पर बिजली से चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ा कर पेट्रोल-डीजल वाहनों की संख्या कम करने की सरकार की यह पहल कब और कैसा रंग दिखाती है?

# मौसम की मार

अमरेंद्र कुमार राय

## दुनिया मेरे आगे

प्राथमिक विद्यालय में एक कविता पढ़ी थी- 'एक बार छिड़ गई बहस, हवा और सूरज में, कौन अधिक बलवान, शक्तिशाली है हममें-तुममें।' बहस हो ही रही है कि हवा की नजर एक व्यक्ति पर पड़ जाती है। फिर हवा और सूरज बारी-बारी से उस व्यक्ति पर बल दिखाते हैं। हवा की रफ्तार का तो बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ता, लेकिन सूरज की गरमी की वजह से वह व्यक्ति बुरी तरह त्रस्त हो जाता है और अपने शरीर से ज्यादातर कपड़े उतार कर आखिर एक पेड़ की छांव में जाकर बैठ जाता है। कहने की जरूरत नहीं कि सूरज जीत चुका था। हवा ने भी मान लिया कि सूरज उससे ज्यादा ताकतवर है।

वह कविता अब वर्षों बाद याद आई। साढ़े नौ बजे घर से दफ्तर के लिए निकला तो सोचा, जूता-मोजा पहनने से गरमी ज्यादा लगती है, इसलिए चप्पल पहन ली। मोटरसाइकिल पर बैठा तो थोड़ी ही देर बाद लगा कि गलती हो गई। शरीर का जो भी अंग खुला था, जलने लगा। पांव, हाथ, नाक-मुंह सब। जिस तरफ धूप थी, उधर तपन ज्यादा थी। बल्कि अपनी ही परछाईं से थोड़ा आराम मिल रहा था। लगा, आज फिर सूरज और हवा ने जोर-आजमाईश करने की ठान ली है। हवा तो तेज चली नहीं, हो सकता है कि सूरज ने कहा हो कि पिछली बार तुमने पहले अपना जोर दिखाया था, इस बार मैं पहले अपनी ताकत दिखाऊंगा। और वह दिखा रहा है। शाम होते-होते पता चल गया कि दिल्ली में अब तक का सबसे ज्यादा गरम दिन रहा। पारा 48 डिग्री सेल्शियस तक पहुंच गया।

दिल्ली में करीब पैंतीस साल से रह रहा हूं, पर ऐसी गरमी इससे पहले कभी महसूस नहीं की। लेकिन कुछ दिन पहले एक सुबह दरवाजा खोलते ही तपिश महसूस हुई थी। हालांकि तब सूरज की किरणों में तीखापन कम था। ऐसी गरमी एक बार वर्धा में महसूस की थी। वहां एक कार्यक्रम में शरीक होने गया था। विश्वविद्यालय के गेट पर बैठ कर चाय पी रहा था कि एक साहित्यकार मित्र आए और उन्होंने बताया कि यहां गरमी बहुत पड़ती है। सूरज उगने के साथ ही यहां बैठना मुश्किल हो जाता है। मैंने गौर किया कि वाकई वहां सामान्य से अधिक गरमी थी। विश्वविद्यालय परिसर के ज्यादातर मकान दोमंजिला या उससे ज्यादा ही थे। शायद वहां की भीषण गरमी को देखते हुए ही यह व्यवस्था की गई होगी। नीचे के कमरों में ताप कम पहुंचता है। गरमी इतनी थी कि कार्यक्रम में जाने से पहले मैंने दोपहर का खाना न खाने में ही भलाई समझी। वहां कुछ दिन और रुकने का मामला था। लेकिन गरमी देख कर मैंने वहां न रुकने का ही फैसला किया।

इसी तरह, एक बार पत्रकारिता की एक यात्रा के दौरान जोधपुर होते हुए जैसलमेर गया था। शाम को पुरानी दिल्ली से एक ट्रेन चलती थी। वह सुबह जोधपुर पहुंचाती थी। जोधपुर से भी रात को एक ट्रेन चलती थी जो सुबह जैसलमेर पहुंचाती थी। जैसलमेर पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं हुई। एक जगह रास्ते में दोपहर का खाना खाने के लिए टेंट लगा कर इंतजाम किया गया। वहां इतनी गरमी थी कि पसीना पोंछना और खाना लगभग नामुमकिन था। वहां से आगे बढ़े तो पानी और ठंडे पेय की ढेर सारी बोतलें बस में भर ली गईं। लोग कहने लगे कि इतने की क्या जरूरत है! लेकिन करीब चार-पांच घंटे के भीतर ही सारा पानी और ठंडे पेय की बोतलें खाली हो गईं। सबका गला सूखने लगा।

बहरहाल, गंतव्य पर पहुंचने पर जान में जान आई। वर्धा और जैसलमेर में तो गरमी एक सामान्य तथ्य है। कहीं पहाड़ी इलाका है तो कहीं रेगिस्तानी। मगर दिल्ली क्यों इतनी तप रही है? ऐसी हवाई बातें बताई गईं कि पाकिस्तान से गरम हवाएं आ रही हैं। यह कोई नहीं बता रहा कि अगर हवा पश्चिम से आएगी तो मैदानी इलाकों की हवा में तपन ज्यादा होती ही है। यह भी बताना जरूरी नहीं समझा गया कि दिल्ली जैसे शहरों में जितने एयरकंडीशनरों का इस्तेमाल हो रहा है, उनसे निकली हवा इस गरमी को और ज्यादा मारक बनाने में क्या भूमिका निभा रही होगी।

इसके अलावा, हम जो पेड़ काट रहे हैं, उसकी वजह से न केवल दिल्ली, बल्कि पूरी दुनिया में गरमी बढ़ रही है। कुछ दिन पहले किसी ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि पचास डिग्री सेल्शियस गरमी के बाद एयरकंडीशनर काम करना बंद कर देते हैं, बावन डिग्री तापमान होने के बाद चिड़ियां मर जाती हैं, पचपन डिग्री तापमान होने पर इंसान का खून उबल जाता है और वह मरने की हालत में पहुंच जाता है। जंगलों को काटना इसकी सबसे बड़ी वजह है। क्या हम अभी भी चेतेंगे? इसमें दी गई जानकारी जितना तथ्य है, उससे ज्यादा यह चेतावनी कि अगर हमने प्रकृति की अनदेखी और पेड़ों का कत्लेआम जारी रखा तो आने वाले दिनों की कल्पना करना हमारे लिए मुश्किल नहीं होना चाहिए।

## हिंदी की राह

जिस हिंदी को जानने-समझने और सीखने के लिए दुनिया के तमाम देश आतुर हैं, उसी हिंदी को लेकर उसके देश के कुछ हिस्सों में हिचक दिखाई देना चिंता की बात है। तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था और दुनिया के सबसे बड़े बनते उपभोक्ता बाजार के नाते तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियां कारोबार के लिए भारत का रुख कर रही हैं। यहां कारोबार चलाने की खातिर के लिए वे भाषा की दिक्कत दूर करने के लिए हिंदी भाषी कर्मचारियों को तवज्जो दे रही हैं लेकिन हाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मसौदे में त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत हिंदी को अनिवार्य बनाए जाने को लेकर दक्षिण के राज्यों में विरोध शुरू हो गया। यह बात और है कि लोकप्रियता हासिल करने के लिए वे अपना साहित्य हिंदी में पढ़ाने के लिए बेसब्र रहते हैं और अपनी फिल्मों को हिंदी में तैयार करा कर करोड़ों के वारे-न्यारे करते हैं। यह दोगलापन इस तथाकथित विरोध को सियासी ठहराने के लिए काफी है।

दक्षिण के राज्यों के विरोध के चलते केंद्र सरकार हिंदी को व्यापक बनाने के अपने दायित्व से पीछे हट जाती है तभी तो उसे त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी की अनिवार्यता खत्म करनी पड़ी। अब सरकार के इस कदम का विरोध भी शुरू हो गया। पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने के मकसद से नई शिक्षा नीति को तैयार करने वाली समिति के दो वरिष्ठ सदस्यों ने बगैर सहमति त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी को हटाए जाने का विरोध किया है। ऐसे में हिंदी के प्रति दक्षिणी राज्यों की इस हिचक की पड़ताल एक बड़ा मुद्दा है। हिंदी भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में सर्वाधिक लिखी, बोली और समझी जाने वाली प्रथम भाषा के रूप में स्वीकार की गई है। भारत सहित एक सौ बत्तीस देशों के लगभग एक अरब लोगों की भाषा हिंदी है।

ऐसे में हाल ही में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हिंदी की अनिवार्यता समाप्त करने का जो संकेत सार्वजनिक किया गया है, शोचनीय है। शासन स्तर पर कस्तूरीरंगन समिति की ओर से त्रिभाषा सूत्र के अंतर्गत हिंदी के अस्तित्व-अस्मिता पर प्रहार करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। ऐसी स्थिति में अध्ययन-अध्यापन की दृष्टि से हिंदी की अनिवार्यता समाप्त करने का अर्थ है, भारत की भावनात्मक एकता को आघात पहुंचाना। वैसे त्रिभाषा सूत्र कोई नया प्रयोग नहीं है ऐसे में हिंदी की राजभाषा और संपर्क भाषा के रूप में दिख रही भूमिका प्रभावहीन बनकर रह जाएगी। लिहाजा, ऐसी किसी अप्रिय स्थिति से बचते हुए इसके समाधान की जरूरत है।

*● दिपिका शर्मा, सूरजकुंड, गोरखपुर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

चौपाल

## डॉक्टरों के साथ

कोलकाता के नीलरतन सरकार अस्पताल में दस जून को एक बुजुर्ग की मृत्यु के बाद जिस तरह जूनियर डॉक्टरों पर धावा बोला गया है, वह गुंडागर्दी के अलावा कुछ नहीं है। कुछ डॉक्टर घायल हुए, कुछ की तो जान पर बन आई। कायदे से सरकार को ऐसी अराजकता रोकने के लिए सख्ती से कदम उठाने चाहिए थे, पर वोट बैंक के चलते उसने हीलाहवाली ही दिखाई। ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल सरकार राजनीतिक हित साधने के फेर में अपने मूल दायित्व को ही भूल गई। सरकार ने हमलावरों पर कार्रवाई करने के बजाय डॉक्टरों पर ही कार्रवाई की बात कही जिससे टकराव की नौबत आनी ही थी। निस्संदेह डॉक्टरों की हड़ताल का समर्थन नहीं किया जा सकता, पर उचित होता कि डॉक्टरों को सुरक्षा देकर सरकार उन्हें भय रहित माहौल प्रदान करती और हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई करती।डॉक्टरों को भी विचार करना चाहिए था कि हड़ताल करना कितना उचित और कितना नैतिक है? हड़ताल के कारण मरीजों का जीवन संकट में है। डॉक्टरों को अपनी शपथ के विषय में भी तो सोचना चाहिए था। हालांकि डॉक्टरों को अपनी बात कहने या विरोध करने का अधिकार है, पर उनका पेशा उन्हें हड़ताल करने की इजाजत नहीं देता।

*● आशुतोष अवस्थी, उन्नाव, उत्तर प्रदेश*

## गैरवाजिब नियम!

दुनिया में अमेरिका को छोड़ सभी महाद्वीपों में क्रिकेट का बहुत प्रभाव है जबकि एशियाई देशों में क्रिकेट खेलती टीमों की तादाद बड़ी है। लिहाजा, दर्शकों की संख्या भी बड़ी है। बेशक क्रिकेट के अपने कायदे-कानून हैं मगर जब दर्शक इनका हिस्सा बनता है तो खेल और खिलाड़ियों से जज्बाती रिश्ता बना लेता है। क्रिकेट के मैदान में दुनिया की सबसे बड़ी नाइंसाफी देख कर दर्शकों का सवाल करना लाजिमी है। अव्वल तो दो छोरों से दो बल्लेबाज भागते हुए एक 'रन' जुटाते हैं जो किसी एक बल्लेबाज के हिस्से में जाता है। इस तरह एक रन के लिए टीम के दो खिलाड़ियों का बेवजह दौड़ना वाजिब नहीं लगता। दूसरी तरफ जान पर खेल कर फील्डर 'कैच' पकड़ता है मगर आउट का सेहरा गेंदबाज के हक में जाता है। वही सवाल स्टंपिंग का है जो दरअसल रन-आउट है, गेंदबाज के खाते में जाना तर्कसंगत नहीं लगता है। ऐसे ही कुछ नाइंसाफी भरे कायदों पर क्रिकेट काउंसिल को गौर करना चाहिए।

*● एमके मिश्रा, रातू, रांची, झारखंड*

## सुधार के बजाय

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अभ्यर्थियों के लिए चेतावनी और सजा से लैस सात नियमों वाला एक नोटिस निकाला है। ये सातों नियम सिर्फ अभ्यर्थियों के लिए हैं। आयोग की नजर में सारी समस्याओं की जड़ अभ्यर्थी ही हैं इसलिए उन्हें 'सुधारने' की दिशा में यह 'क्रांतिकारी व अनोखा कदम' उठाया गया है। बेहतर होता यदि इन नियमों के साथ एक नियम आयोग अपने लिए भी जोड़ देता कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर आयोग के किसी भी कर्मचारी/अधिकारी की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता होने पर निलंबन/ बर्खास्तगी की कार्रवाई करके मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

आयोग की यह कवायद पढ़ाई न करने वाले उस अभ्यर्थी की तरह है जो परीक्षाएं नजदीक आते ही अपनी आदतों से परेशान होकर 'व्हाट्सएप' और 'फेसबुक' डिलीट करता है, दोस्तों व घरवालों के फोन नहीं उठाता है और दरवाजे पर 'डू नॉट डिस्टर्ब' का पर्चा चिपका कर सोचता है कि अब पढ़ाई होगी कायदे से...! लेकिन इस कवायद से केवल दो काम होते हैं। पहला, जरूरी किताबों की धूल साफ हो जाती है और दूसरा, आसपास के लोगों में यह संदेश जाता है कि लड़का पढ़ाई के प्रति बहुत गंभीर है!

लेकिन हकीकत में इस कवायद से सिर्फ सोने का समय बढ़ता है क्योंकि जब तक आप सुधार की तलाश अपने से बाहर करते रहेंगे तब तक नाकामयाब ही रहेंगे। यह नियमों वाला नोटिस अखबारों की सुर्खियां बनने से आम लोगों में तो यही संदेश गया कि आयोग ने बहुत बड़ा सुधार किया है लेकिन हकीकत अभ्यर्थी ही जानते हैं।

*● राहुल उपाध्याय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश*



## जरा हट के

आइसीसी क्रिकेट विश्व कप में वेस्टइंडीज बनाम बांग्लादेश के मैच के दौरान फोटो खिंचवाती खेल प्रशंसक।

## बोल

*मुझे लगता है कि मैं उस समाज (राजस्थान) के लिए उम्मीद की किरण बन गई हूं जहां से मैं आती हूं और अब मेरी जैसी लड़कियां अपने सपनों को पूरा करने में कभी भी डरेंगी नहीं।*

*-सुमन राव, मिस इंडिया वर्ल्ड 2019 (बयान में)*



## विवाद

*तेल टैंकरों पर बिना उकसावे वाले हमले अंतराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सीधे तौर पर खतरा हैं। ये नौसंचालन की आजादी पर निर्मम हमले की तरह हैं। ईरान तनाव बढ़ा रहा है, जिसे मंजूर नहीं किया जा सकता है।*

*-माइक पोम्पियो, अमेरिकी विदेश मंत्री*



## सम-सामयिक

# नल जल योजना : 'जल शक्ति' से लैस होगा हर घर

जनसत्ता संवाद

केंद्र में दूसरी बार सत्ता में आने के बाद जल संसाधन मंत्रालय को 'जल शक्ति' बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि आने वाले वक्त में घर-घर पेय जल की उपलब्धता उनकी प्राथमिकता होगी। नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री ने हर घर को पेयजल मुहैया कराने के मिशन का विस्तृत एजंडा प्रस्तुत कर दिया। यह ठीक उसी तरह है, जिस तरह से 'सौभाग्य योजना' के तहत मोदी सरकार ने देश के हर घर में बिजली पहुंचाने के अपने लक्ष्य को लगभग हासिल कर लिया है।

सरकार ने ग्रामीण भारत में 2024 तक हर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य हाथ में लिया है। 'नल जल योजना' के तहत सरकार ने 2024 तक देश के हर घर में पानी की पाइप लाइन और नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। नीति आयोग की सलाहकार परिषद की हाल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार का एजंडा रखते हुए कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य राज्यों के साथ मिलकर जल से जुड़े मुद्दों को हल करना है। यह काम जल शक्ति मंत्रालय की ओर से किया जाएगा। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक गांवों में पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने की वृद्धि दर 2013-14 में 12 फीसद थी। 2017-18 में इस योजना में 17 फीसद का इजाफा हुआ है।

वर्ष 2024 तक गांवों में हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने की योजना को शौचालय निर्माण योजना जैसा भी बताया जा रहा है। अक्तूबर 2014 में ग्रामीण भारत के 33 फीसद घरों में ही शौचालय थे, लेकिन अब यह आंकड़ा 99 फीसद तक पहुंच गया है। सरकार ने जल पहुंचाने के अलावा उसके संरक्षण और सदुपयोग के लिए भी लोगों को जागरूक करने का फैसला लिया है। आमलोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार 'जलदूतों' की नियुक्ति की योजना बनाई है। इससे पहले सरकार ने स्वच्छता मिशन के तहत स्वच्छदूत या स्वच्छाग्रहियों का चयन किया था।

चुनाव से पहले भाजपा ने संकल्प पत्र में स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी थी। जल जीवन मिशन का ऐलान किया था। सरकार गठन के बाद सरकार ने इसके लिए जल शक्ति मंत्रालय बनाया। मंत्रिमंडल में इसकी जिम्मेदारी राजस्थान के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत को सौंपी गई है। नए जल शक्ति मंत्रालय में जल संसाधन, नदी विकास, गंगा जीर्णोद्धार और पेय जल एवं स्वच्छता विभाग को शामिल किया जा सकता है।

नए मंत्रालय का पहला काम देश में मौजूद जल स्रोतों का संरक्षण करना है। इसके लिए मनरेगा योजना की मदद ली जाएगी। जल स्रोतों को बचाने के लिए कुछ महीने पहले इजराइल और भारतीय अधिकारियों की नीति आयोग के साथ बैठक भी हो चुकी हैं। इजराइल में पाइप लाइन के जरिए लोगों को पेय जल दिया जा रहा है। फिलहाल, भारत में भूजल का चार फीसद पानी पीने और 80 फीसद खेती में इस्तेमाल होता है।

जल शक्ति मंत्रालय के प्रभारी मंत्री शेखावत के मुताबिक, नीति आयोग की रिपोर्ट है कि 2020 तक भारत के 21 शहरों में भूजल खत्म हो जाएगा। दुर्भाग्य की बात है कि भारत में पानी को राष्ट्रीय संपदा नहीं माना गया है। यह राज्य का विषय है। अभी भारत में ग्रामीण भारत की जरूरत का 90 फीसद भूजल के दोहन से मिलता है। तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के बारे में जानकारों का मानना है कि उन्हें मिलकर अपने जल स्त्रोतों के इस्तेमाल का तरीका तलाशना होगा।



### 2030 तक देश में पानी की मांग दोगुनी

नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। स्वच्छ पेय जल नहीं मिलने से देश में हर साल दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। अनुमान है कि 2030 तक देश में पानी की मांग मौजूदा वक्त से दोगुनी हो जाएगी। अगर इसे पूरा नहीं किया गया तो इससे जीडीपी में छह फीसद तक की गिरावट आ सकती है।

## शोध-अनुसंधान

# अंतरिक्ष में 2029 तक भारत का निजी स्टेशन

जनसत्ता संवाद

भारत ने अपने अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की परियोजना पर काम शुरू करने का ऐलान किया है। हाल में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन डॉ. के सिवन ने कहा कि यह गगनयान मिशन का अगला कदम होगा। भारत के आगामी अंतरिक्ष कार्यक्रमों के मद्देनजर निजी अंतरिक्ष स्टेशन की जरूरत मानी जा रही है। इसरो ने दिसंबर 2021 तक तीन भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी की है। इसके लिए गगनयान परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। इसके बाद भारतीय वायुसेना 10 संभावित अंतरिक्षयात्रियों की सूची अगले दो महीने में इसरो को सौंपेगी। इसरो उनमें से तीन का चयन करेगा, जो अंतरिक्ष में जाएंगे।

इन जरूरतों के मद्देनजर चंद्रयान-2 और गगनयान के बाद भारत ने वर्ष 2029 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है। अभी दो अंतरिक्ष स्टेशन काम कर रहे हैं। इनमें से एक अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ और जापान के सहयोग से चलाया जा रहा- अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आइएसएस) है और दूसरा चीन का तिआनगोंग-2 है।

इसरो प्रमुख ने कहा, 'हमें गगनयान कार्यक्रम को बनाए रखना होगा, इसलिए वृहद योजना के तहत हम भारत में अंतरिक्ष स्टेशन की योजना बना रहे हैं। हम मानव युक्त चंद्र अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हिस्सा होंगे। हमारे पास अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए स्पष्ट योजना है। हम आइएसएस का हिस्सा नहीं हैं। हमारा अंतरिक्ष स्टेशन बहुत छोटा होगा। हम एक छोटा मॉड्यूल लांच करेंगे, जिसका इस्तेमाल माइक्रोग्रैविटी प्रयोग के लिए किया जाएगा।'

**इसरो की योजना 20 टन वजनी अंतरिक्ष स्टेशन को पृथ्वी से 400 किमी की ऊंचाई पर स्थापित करने की है। इसमें अंतरिक्ष यात्री 15 से 20 दिन रह सकेंगे।**



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन

भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने में जीएसएलवी मार्क-थ्री रॉकेट का इस्तेमाल करेगा, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में करीब 10 टन तक सामान ले जा सकता है। इसके अलावा स्पेस स्टेशन में कैमरे आदि भी ले जाए जाएंगे। मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन से भारत अच्छे गुणवत्ता वाली तस्वीरें हासिल कर सकेगा।

भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का वजन करीब 20 टन होने की संभावना है। 2022 तक प्रथम गगनयान मिशन के बाद इस परियोजना को मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। इसके क्रियान्वयन में पांच से सात साल लगेंगे। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को भी पृथ्वी से 400 किमी की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा। इसमें अंतरिक्ष यात्री 15 से 20 दिन रह सकेंगे। दरअसल, अंतरिक्ष स्टेशन एक तरह का मानव निर्मित उपग्रह होता है, जिसमें चालक दल के सदस्यों को रहने की सुविधा होती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि वह लंबे समय तक अंतरिक्ष में रह सकता है और इसमें अन्य एक उपग्रह से भी जुड़ सकता है। आइएसएस इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। इसे वर्ष 1998 में अंतरिक्ष में स्थापित किया गया था।

इसरो ने अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष यानों को जोड़ने की तकनीक योजना पर तीन साल पहले काम शुरू किया था। इसरो ऐसी तकनीक पर काम कर रहा है, जिसकी मदद से भविष्य में इंसानों को एक अंतरिक्ष यान से दूसरे यान में भेजा जा सकेगा। अभी इसका मकसद अंतरिक्ष यानों में ईंधन भरने की सुविधा मुहैया कराना है। बहुउद्देश्यीय होता है अंतरिक्ष स्टेशन। इसे 'ऑर्बिटल स्टेशन' भी कहते है। इसको इंसानों को रहने के लिए सभी सुविधाएं हो ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यानी यह अंतरिक्ष में मानव निर्मित ऐसा स्टेशन है, जिससे पृथ्वी से कोई अंतरिक्ष यान जाकर मिल सकता है।

## विश्व परिक्रमा

### नस्ली टिप्पणी पर घिरे संपादक

**रविवार, 09 जून :** 'द अटलांटिक' पत्रिका के संपादक पर लैंगिक और नस्ली भेदभाव के आरोप लगे हैं। पत्रिका के संपादक जेफरी गोल्डबर्ग ने कहा कि दस हजार शब्दों की कवर स्टोरी लिखना कठिन है। अमेरिका में जो पत्रकार लंबी कवर स्टोरी लिख सकते हैं, वे बहुत हद तक श्वेत पुरुष हैं।

### दुबई बस हादसा : लाए गए भारतीयों के शव

**सोमवार, 10 जून :** दुबई में बस हादसे में मरने वाले 12 भारतीयों में से 11 के शव रविवार को भारत भेज दिए गए। 22 वर्षीय एक अन्य भारतीय का खाड़ी अमीरात में ही अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि ओमान से दुबई जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। ।

### मुगालते में ना रहे अमेरिका : ईरान

**मंगलवार, 11 जून :** ईरान के विदेश मंत्री ने अमेरिका को आगाह किया कि तेहरान के खिलाफ आर्थिक युद्ध छेड़ने के बाद वह सुरक्षित बने रहने की उम्मीद नहीं कर सकता। खाड़ी में तनाव के मद्देनजर ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने कड़े शब्दों में अपनी बातें रखी।



शाह महमूद कुरैशी

### जरदारी को 11 दिन की हिरासत

**बुधवार, 12 जून :** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को फर्जी बैंक खाता मामले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। फर्जी बैंक अकाउंट मामले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने जरदारी और उनकी बहन फरयाल तालपुर की अंतरिम जमानत को बढ़ाने की अर्जी नामंजूर कर दी थी।

### चौथी बार नीरव मोदी की जमानत खारिज

**गुरुवार, 13 जून :** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले मामले में आरोपी और भगोड़े नीरव मोदी को लंदन की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया। जज ने नीरव को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर बेल मिली तो सबूतों से छेड़छाड़ हो सकती है।

### ईरान का अमेरिका से वार्ता से इनकार

**शुक्रवार, 14 जून :** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खुमेनी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान का अमेरिका में कोई विश्वास नहीं है और पूर्व में हुए वार्ता के अनुभवों को दोहराना नहीं चाहेगा।

### बराबरी के आधार पर करेंगे बात : कुरैशी

**शनिवार, 15 जून :** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि उनका देश भारत से 'समानता के आधार पर' और 'सम्मानजनक तरीके से' ही बात करेगा। अब यह भारत सरकार पर है कि वह पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दों को सुलझाने के लिए क्या रुख अपनाती है।

## जानें-समझें

### व्यापार युद्ध

# भारत-अमेरिका निर्भरता का दांव

दीपक रस्तोगी

अमेरिका के 'नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च' (एनबीईआर) की हाल में जारी 'व्यापार युद्ध और अमेरिकी अर्थव्यवस्था' नामक रिपोर्ट की दुनियाभर में चर्चा है। अमेरिका के प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने इस रिपोर्ट में कहा है कि व्यापार युद्ध यानी ट्रेड वॉर अमेरिका के हित में नहीं है। 2018 में व्यापार युद्ध से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लगभग 54 हजार करोड़ रुपए की चोट पहुंची। इस साल यह आंकड़ा बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब एक ओर अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध खत्म होने की संभावना बन रही है। दूसरी ओर, अमेरिका ने व्यापार युद्ध का रुख भारत की ओर मोड़ते हुए भारत का जीएसपी लाभार्थी दर्जा खत्म कर दिया। फिर अमेरिका की ओर से एल्युमिनियम और स्टील पर भारत को मिलने वाली छूट वापस ले ली। जवाब में भारत ने 16 जून से 28 अमेरिकी वस्तुओं पर 70 से 120 फीसद तक प्रशुल्क बढ़ाने का फैसला लागू कर दिया।

### क्या है भारत की अधिसूचना

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने 30 जून 2017 की अपनी एक पुरानी अधिसूचना को संशोधित करते हुए सरकार ने अमेरिका में उत्पादित या वहां से आयात किए जाने वाले बादाम, अखरोट और दालों सहित 28 विनिर्दिष्ट वस्तुओं पर प्रशुल्क बढ़ाने की अधिसूचना जारी की। अमेरिका के खिलाफ जवाबी व्यापारिक कार्रवाई के तहत बढ़ाई गई नई दरें 16 जून से लागू कर दी गईं। इस कार्रवाई से इन वस्तुओं का निर्यात करने वाले अमेरिकी कारोबारी प्रभावित होंगे और भारत में इन वस्तुओं का आयात महंगा हो जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि अमेरिका को छोड़ कर बाकी देशों से इन वस्तुओं पर व्यापार में तरजीही देश (एमएफएन) की व्यवस्था के तहत पहले से लागू दरें पूर्ववत बनी रहेंगी। भारत के इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिका में शुल्क बढ़ाए जाने के बाद सरकार ने अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय पिछले वर्ष 21 जून को ही ले लिया था।

### क्या है जानकारों की राय





भारत के अमेरिका से रिश्ते मजबूत रहेंगे और बातचीत चलती रहेगी। भारत सरकार विकास को लेकर सजग है। वैसे अमेरिका को भारत की जरूरत है और भारत को भी अमेरिका का साथ चाहिए। अमेरिका अब भी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, वही भारत दुनिया में सबसे तेज आर्थिक विकास दर वाला देश है।

*- अनूप वधावन, वाणिज्य सचिव*



नुकसान की कीमत पर अमेरिका पर निर्भरशील संबंध भारत कतई नहीं चाहेगा। भारत-अमेरिका के बीच कारोबारी तनाव कम करने के लिए बेहतर यही होगा कि दोनों देश वाणिज्यिक वार्ता को आगे बढ़ाएं। भारत अमेरिका से आयात होने वाले उन्नत तकनीक से लैस स्मार्टफोन, सूचना एवं संचार तकनीक से जुड़े उत्पाद आदि पर आयात शुल्क घटाए।

*- अपर्णा पांडे, प्रतिनिधि, अमेरिकी थिंक टैंक 'हडसन इंस्टीट्यूट'*



हम आशा करें कि भारत और अमेरिका के बीच वाणिज्यिक और कूटनीतिक प्रयासों से द्विपक्षीय कारोबारी संबंधों का तनाव कम होगा। इससे दोनों देशों के मध्य आपसी कारोबार को सालाना 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को साधने में भी मदद मिलेगी। दोनों देशों में मैत्रीपूर्ण आपसी कारोबार व निवेश संबंधों के कारण रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इनकी अर्थव्यवस्थाएं भी सुदृढ़ होंगी।

*- जी बालाचंद्रन, आइडीएसए में फेलो*

### पांच बार भारत ने दिया मौका

भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक और वाणिज्यिक बातचीत 2015 में शुरू हुई थी। दो सालाना बैठकों के बाद यह फैसला हुआ है कि कारोबार संबंधी मसलों को सुलझाने के लिए अलग से भारत-अमेरिका वाणिज्यिक बातचीत होगी। 2018 में दोनों देशों के बीच कारोबारी मसलों पर खींचतान बनी रही। भारत-अमेरिका के बीच कारोबार संबंधी विवाद जुलाई, 2018 में उच्च स्तर पर पहुंच गया, जब भारत ने 29 कृषि उत्पादों (16 जून की अधिसूचना में भारत ने इन उत्पादों में से झींगा को बाहर कर दिया) पर शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। अमेरिका से आने वाले सेब, जैतून और अखरोट पर 50 फीसद ज्यादा कर लगाने के अलावा कुछ औद्योगिक उत्पाद भी निशाने पर रहे हैं। भारत ने इन उत्पादों पर कर लगाने का फैसला पांच बार टाला है।

### अमेरिकी कार्रवाई की वजह

हाल में अमेरिका ने भारत से 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज' (जीएसपी) कार्यक्रम के लाभार्थी का दर्जा वापस ले लिया। अमेरिका के जीएसपी कार्यक्रम में शामिल देशों को विशेष तरजीह दी जाती है और अमेरिका इन देशों से एक तय राशि के आयात पर कोई शुल्क नहीं लेता। इसके तहत भारत को 5.6 अरब डॉलर (लगभग 40 हजार करोड़ रुपए) के निर्यात पर छूट मिलती थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का तर्क है कि उन्हें भारत से यह भरोसा नहीं मिला कि वह अपने बाजार में अमेरिकी उत्पादों को इसके बराबर की छूट देगा।

### अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और भारत

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध का लाभ भारत को मिल रहा है। एक-दूसरे के उत्पादों पर प्रशुल्क बढ़ाने के बाद से इन देशों को भारत से निर्यात बढ़ा। जून से नवंबर 2018 के बीच चीन को होने वाले निर्यात में 32 फीसद और अमेरिका को होने वाले निर्यात में 12 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जून-नवंबर 2017 की अवधि में भारत से चीन को 637.40 करोड़ डॉलर का निर्यात हुआ था। लेकिन व्यापार युद्ध के बाद जून-नवंबर 2018 में चीन को होने वाला निर्यात बढ़कर 846.40 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया।

## व्यक्तित्व

# प्रमिला बिसोई : आंगनवाड़ी से संसद तक का सफर

जनसत्ता संवाद

लोकसभा चुनाव में 78 महिलाएं सांसद बनी हैं। इसमें एक नाम ओड़ीशा की प्रमिला बिसोई का भी है। प्रमिला बिसोई अस्का से सांसद हैं। प्रमिला बिसोई ने बीजू जनता दल (बीजेडी) के टिकट पर वहां से लगभग दो लाख वोटों की बढ़त के साथ जीत हासिल की। उनकी जीत इस मायने में खास है, क्योंकि उन्होंने खुद के दम पर आंगनवाड़ी कर्मी से सांसद तक का सफर तय किया है। इसे सही मायने में महिला सशक्तिकरण का मजबूत चेहरा बताया जा रहा है। 70 साल की प्रमिला बिसोई आंगनवाड़ी में खाना बनाने का काम करती थीं।

प्रमिला की शादी पांच साल की उम्र में ही कर दी गई थी। इस कारण वह आगे की पढ़ाई नहीं कर सकीं। इसके बाद प्रमिला ने गांव में ही आंगनवाड़ी में रसोइया (कुक) का काम करना शुरू कर दिया। काम करने के दौरान उन्होंने गांव में ही एक स्वयं सहायता समूह की शुरुआत की, जिसमें उन्हें सफलता हासिल हुई। वे एक बेहद साधारण परिवार से हैं। उनके पति चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी थे। उनका बड़ा बेटा चाय की दुकान और छोटा बेटा गाड़ियों की रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। प्रमिला के पास एक एकड़ से भी कम जमीन है और उनका परिवार एक टिन की छत वाले घर में रहता है।

वर्ष 2001 में वे बीजू जनता दल की योजना 'मिशन शक्ति' से जुड़ीं और उसकी प्रतिनिधि बन गईं। वे महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने लगी। महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ स्वास्थ्य, सफाई जैसे मुद्दों पर काम करती रहीं और लोगों को जागरुक बनाती रहीं। सांसद चुने जाने से पहले करीब पांच दशकों से वे गांव में प्रसूति और उसके बाद मां-बच्चे की देखभाल में हमेशा आगे रही हैं। इसी कारण गांव वाले उन्हें प्यार से 'परी मां' पुकारते हैं।



वे 15 साल से लोगों की सेवा कर रही हैं। वे अस्का ब्लॉक के स्वयं सहायता समूहों की सदस्य हैं। इसमें करीब सात सौ समूह है।

उन्होंने गांव की गरीब महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। प्रमिला ने न सिर्फ खुद को सशक्त बनाया, बल्कि बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है।

चुनाव के दौरान प्रमिला बिसोई की उम्मीदवारी का ऐलान करते हुए ओड़ीशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा था, 'यह मिशन शक्ति से जुड़ी लाखों महिलाओं के लिए एक उपहार है।' प्रमिला सांसद बन चुकी हैं लेकिन उन्हें राजनीति का कोई अनुभव नहीं है। हालांकि लोगों को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं, और इसी उम्मीद ने उन्हें संसद तक पहुंचाया है।





**दिलचस्प आंकड़े**

| | |
|---|---|
| रन | 9338 |
| विकेट | 283 |
| छक्के | 152 |
| अर्धशतक | 49 |

सबसे ज्यादा रन
शाकिब अल हसन

उच्चतम स्कोर
जैसन रॉय

# बांग्लादेश ने वेस्ट इंडीज को दी शिकस्त

टांटन, 17 जून (भाषा)।

शाकिब अल हसन के लगातार दूसरे शतक और लिटन दास के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से बांग्लादेश ने आइसीसी क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच में सोमवार को यहां वेस्ट इंडीज को सात विकेट से हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। वेस्ट इंडीज के खिलाफ यह बांग्लादेश की एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार पांचवीं जीत है। यह विश्व कप के इतिहास की यह लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी और बांग्लादेश की एकदिवसीय क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

वेस्ट इंडीज के 322 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शाकिब ने 99 गेंद में 16 चौकों की मदद से नाबाद 124 रन की पारी खेलने के अलावा लिटन दास (नाबाद 94) के साथ चौथे विकेट के लिए 189 रन की अटूट साझेदारी की जिससे बांग्लादेश ने 51 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 322 रन बनाकर जीत दर्ज की। लिटन ने 69 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के मारे। शाकिब ने सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल (48) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। वेस्ट इंडीज की हार उसकी दिशाहीन गेंदबाजी भी रही। टीम ने 26 अतिरिक्त रन दिए जिसमें वाइड के 25 रन शामिल थे। वेस्ट इंडीज की टीम इससे पहले शाई होप (96), सलामी बल्लेबाज एविन लुईस (70) और शिमरोन हेटमायर (50) की पारियों की बदौलत आठ विकेट पर 321 रन बनाने में सफल रही। होप ने 121 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने लुईस (70) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 और हेटमायर के साथ चौथे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी भी की। हेटमायर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके मारे। वेस्ट इंडीज की टीम अंतिम 18 ओवर में 163 रन जोड़ने में सफल रही। बांग्लादेश की ओर से मुस्ताफिजुर रहमान और मोहम्मद सैफुद्दीन ने क्रम से 59 और 72 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। शाकिब ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 54 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इस जीत से बांग्लादेश के पांच मैचों में पांच अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

वेस्ट इंडीज की टीम पांच मैचों में तीन अंक के साथ छठे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश के तमीम (48) और सौम्य सरकार (29) ने 8.2 ओवर में 52 रन जोड़कर सधी हुई शुरुआत दिलाई। तमीम ने शेल्डन कोट्रेल पर चौके से खाता खोला जबकि सरकार ने भी इस तेज गेंदबाज की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। सरकार ने रसेल पर छक्के के साथ नौवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया लेकिन अगली गेंद पर स्लिप में गेल को कैच दे बैठे। तमीम और शाकिब ने इसके बाद रन गति में इजाफा किया। तमीम ने रसेल पर दो चौके मारे जबकि शाकिब ने शेनन गैब्रिएल और ओशेन थामस की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। तमीम ने गैब्रिएल पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। शाकिब इस पारी के दौरान 23 रन बनाते ही एकदिवसीय क्रिकेट में 6000 रन पूरे करने वाले बांग्लादेश के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बने। उनसे पहले बांग्लादेश की ओर से सिर्फ तमीम 6000 से अधिक रन बना पाए हैं। तमीम हालांकि इसके बाद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए।




## वेस्ट इंडीज बनाम बांग्लादेश — स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश: तमीम इकबाल रन आउट 48, सौम्य सरकार का गेल बो रसेल 29, साकिब अल हसन नाबाद 124, मुशफिकुर रहीम का होप बो थामस 01, लिटन दास नाबाद 94, अतिरिक्त: 26, कुल: 41.3 ओवर में तीन विकेट पर: 322 रन, विकेट पतन: 1-52, 2-121, 3-133, गेंदबाजी : कोट्रेल 10-0-65-0, होल्डर 9-0-62-0, रसेल 6-0-42-1, गैब्रिएल 8.3-0-78-0, गेल 2-0-22-0

वेस्टइंडीज: क्रिस गेल का मुशफिकुर बो सैफुद्दीन 00, एविन लुईस का स्थानापन्न बो साकिब 70, शाई होप का लिटन मुस्ताफिजुर 96, निकोलस पूरण का सरकार बो साकिब 25, शिमरोन हेटमायर का तमीम बो मुस्ताफिजुर 50, आंद्रे रसेल का मुशफिकुर बो मुस्ताफिजुर 00, जेसन होल्डर का महमूदुल्लाह बो सैफुद्दीन 33, डेरेन ब्रावो बो सैफुद्दीन 19, ओशेन थामस नाबाद 06, अतिरिक्त: 22 कुल: 50 ओवर में आठ विकेट पर: 321 रन, विकेट पतन: 1-6, 2-122, 3-159, 4-242, 5-243, 6-282, 7-297, 8-321, गेंदबाजी: मुर्तजा 8-1-37-0 सैफुद्दीन 10-1-72-3, मुस्ताफिजुर 9-0-59-3, मेहदी हसन 9-0-57-0, मोसादिक 6-0-36-0, साकिब 8-0-54-2

## विश्व कप डायरी

### रोहित की ताकत है उनका शांत स्वभाव

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

शांत स्वभाव हमेशा से रोहित शर्मा की सबसे बड़ी खूबी रही है और पिता बनने के बाद तो इसमें इजाफा ही हुआ है जिसका असर विश्व कप में उनके प्रदर्शन पर भी नजर आ रहा है। भारतीय उपकप्तान ने दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाए जबकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अर्धशतक जड़ा था।



पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 113 गेंद में 140 रन बनाने वाले रोहित ने कहा, मैं इस समय जिंदगी के अच्छे मुकाम पर हूं। जिंदगी में बेटी आने से यह हुआ और मैं अपने क्रिकेट का भी पूरा मजा ले रहा हूं। उन्होंने कहा, एक टीम के तौर पर हम सही दिशा में जा रहे हैं। हमारे लिए हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है और हम वही कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले दो दिन से हम यहां हैं और पिच कवर में थी। शुरुआत में थोड़ी नरम थी। ऐसे हालात में नई गेंद काफी महत्त्वपूर्ण हो जाती है और शुरुआती विकेट गंवाने से दबाव बन सकता था। अपनी पारी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, अगर मैं अगले मैच में शतक बनाऊंगा तो भी आप यही सवाल करेंगे। क्या इससे आप संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता। किसी एक पारी को सर्वश्रेष्ठ कहना कठिन है क्योंकि देश के लिए खेली गई हर पारी अहम है।

### पाकिस्तान के पास सोच नहीं थी : तेंदुलकर

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि पाकिस्तानी कप्तान सरफराज खान भारत के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में 'कन्फ्यूज' थे और उनकी टीम के पास कोई सोच नहीं दिखी। भारत ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पाकिस्तान को 89 रन से हराया।

तेंदुलकर ने इंडिया टुडे से कहा, मुझे लगा कि सरफराज कन्फ्यूज थे क्योंकि जब वहाब रियाज गेंदबाजी कर रहे थे तो उन्होंने शॉर्ट मिडविकेट लगाया था। इसके बाद जब शादाब खान आए तो उन्होंने स्लिप में एक फील्डर लगाया। उन्होंने कहा, ऐसे हालात में लेग स्पिनर के लिए गेंद पर पकड़ बनाना मुश्किल होता है, खासकर जब सही लैंग्थ और लाइन नहीं हो। यह बड़े मैच में खेलने का सही तरीका नहीं है। उनके पास सोच का बिल्कुल अभाव दिखा। तेंदुलकर ने कहा कि पाकिस्तान का कोई गेंदबाज हालात का फायदा नहीं उठा सका।

# अपनी गेंदबाजी से हैरान नहीं हूं : शंकर

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

विजय शंकर ने विश्व कप के अपने पहले मैच में पाकिस्तान के दो विकेट चटकाकर लोगों का ध्यान खींचा और तमिलनाडु के इस हरफनमौला को भरोसा है कि वह भारत के अभियान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

शंकर ने कहा कि छह महीने पहले अगर कोई उनसे कहता कि विश्व कप में भारत की योजना में उनकी गेंदबाजी अहम होगी तो उन्हें हैरानी नहीं होती। इस मध्यम गति के गेंदबाज ने सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक और विरोधी कप्तान सरफराज अहमद के विकेट चटकाए। शंकर ने 'मिक्सड जोन' में मीडिया से बात करते हुए कहा, मुझे पता था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं लेकिन मेरी गेंदबाजी मुझे उपयोगी बनाती है। पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भुवनेश्वर कुमार के बाहर होने पर शंकर ने विश्व कप में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट हासिल किया। उन्होंने 5.4 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए।

शंकर ने कहा, मुझे खेल के सभी विभागों को सुधार करने रहने की जरूरत है और मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं जिससे कि जब स्थिति आए तो मैं इसका सामना करने को तैयार रहूं। मेरा ध्यान हमेशा अपनी तैयारी पर होता है। शंकर को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए चुना गया था लेकिन शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अच्छा प्रदर्शन करने पर टीम प्रबंधन के हार्दिक पंड्या को ऊपर भेजने की उम्मीद है।

## मैं खुद को 10 में से छह अंक दूंगा : राहुल

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

पारी का आगाज करने वाले लोकेश राहुल ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को 10 में से छह अंक देते हुए कहा कि चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के साथ धैर्यपूर्ण अर्धशतक के बाद उनके प्रदर्शन में सुधार ही होगा।

अंगूठे में हेयरलाइन फ्रेक्चर के कारण शिखर धवन के बाहर होने के कारण राहुल को रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका मिला। यह पाकिस्तान के खिलाफ राहुल का पहला मैच था। राहुल ने 78 गेंद में 57 रन की पारी खेली और रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। राहुल ने कहा, शिखर और रोहित पिछले तीन या चार साल में काफी खतरनाक जोड़ी बने हैं। उन्होंने कहा, मुझे मेरे मौके के लिए इंतजार करना होगा और मुझे खुशी है कि मुझे शीर्ष तीन में बल्लेबाजी का मौका मिला।

# अफगानिस्तान को हराकर सेमी फाइनल का दावा पुख्ता करना चाहेगा इंग्लैंड

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

खिलाड़ियों की चोटों से परेशान इंग्लैंड कमोबेश कमजोर प्रतिद्वंद्वी अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को विश्व कप के मुकाबले में टीम संयोजन दुरूस्त करके सेमी फाइनल में प्रवेश का दावा प्रबल करने के इरादे से उतरेगा।

इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन को कमर में दर्द के कारण वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैच के दौरान मैदान छोड़कर जाना पड़ा। सलामी बल्लेबाज जैसन रॉय को भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इसी मैच में मैदान से जाना पड़ा था। वह मंगलवार और शुक्रवार को नहीं खेल सकेंगे। मोर्गन ने वेस्ट इंडीज पर मिली जीत के बाद कहा, मुझे पहले भी इस तरह का दर्द हुआ है और ठीक होने में कुछ दिन लगते हैं।

अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा। उन्होंने कहा, जैसन रॉय की चोट का स्कैन होगा। दो खिलाड़ियों को चोट लगना चिंता का विषय है लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। मोर्गन के फिट नहीं होने पर उपकप्तान जोस बटलर टीम की कमान संभालेंगे। इंग्लैंड की बेंच स्ट्रेंथ काफी मजबूत है जिसमें टाम कुरेन और मोईन अली जैसे खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान से हारने के बाद इंग्लैंड ने तीनों विभागों में अपने प्रदर्शन में सुधार किया और अब वह जीत की लय कायम रखने के इरादे से उतरेगा।

**मैच का समय**

**दोपहर तीन बजे से**

● जैसन रॉय चोट के कारण नहीं खेल सकेंगे मैच। कप्तान इयोन मोर्गन को लेकर स्थिति साफ नहीं, कमर में दर्द के कारण वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैच के दौरान मैदान छोड़कर जाना पड़ा था।

दूसरी ओर अफगानिस्तान पहली जीत दर्ज करने की पूरी कोशिश करेगा। दूसरी बार विश्व कप में खेल रही अफगान टीम अब तक दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और न्यूजीलैंड से हार चुकी है। युद्ध की विभीषिका झेल चुके देश के खिलाड़ियों ने हालांकि श्रीलंका को नाकों चने चबवा दिए थे। अफगानिस्तान की चिंता का सबब उसकी बल्लेबाजी है क्योंकि किसी भी मैच में वे 40 ओवर भी नहीं टिक सके। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआत अच्छी रही लेकिन बड़े स्कोर नहीं बन सके। रशीद खान को छोड़कर उनका कोई खिलाड़ी प्रदर्शन की छाप नहीं छोड़ पाया। विकेट अगर स्पिनरों की मददगार होती है तो रशीद और मोहम्मद नबी की भूमिका अहम होगी।

# कोहली की टीम से खौफजदा है पाकिस्तान : वकार

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वकार यूनुस का मानना है कि पाकिस्तान की क्रिकेट टीम मौजूदा भारतीय टीम से खौफजदा है जिस कारण वे बड़े मैचों में हमेशा दबाव में रहते हैं। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को 89 रन से शिकस्त देकर आइसीसी विश्व कप मुकाबले में उनके खिलाफ सातवीं जीत दर्ज की।

वकार ने कहा कि इस हार से दोनों टीमों के बीच 'बड़े अंतर' का पता चलता है। वकार ने आइसीसी के लिए लिखे कॉलम में कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारत और पाकिस्तान की टीम में बड़ा अंतर आया है और रविवार को यह एक बार फिर यहां के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर दिखा। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, पाकिस्तान की टीम अब भी सिर्फ प्रतिभा पर भरोसा कर रही है, जबकि भारत के खेल में टीम वर्क दिखता है। टीम के खिलाड़ी अपनी भूमिकाओं को जानते हैं और अपनी भूमिका को मैदान पर उसे शानदार तरीके से निभाते हैं।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर) दिल्ली, 1398, प्रथम तल, चांदनी चौक दिल्ली-110006, फोन: 011-23940444, 23950684

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी ओल्ड राजिन्दर नगर शाखा, जीडी साल्वन पब्लिक स्कूल, ओल्ड राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060 को हमारी पटेल नगर, नई दिल्ली शाखा में विलय एवं शिफ्ट किया जा रहा है। शिफ्टिंग की अनुमानित तिथि 31.08.2019 है।

(क्षेत्रीय प्रबंधक)


# पूर्व क्रिकेटरों ने पाक टीम को लताड़ा

**हार पर रार**

कराची, 17 जून (भाषा)।

पूर्व कप्तान वसीम अकरम समेत पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ आसानी से घुटने टेकने के लिए टीम को आड़े हाथों लिया है। पाकिस्तान का विश्व कप में भारत के खिलाफ हार का रेकार्ड 7-0 है। इस बार मैनचेस्टर में उसे वर्षाबाधित मैच में भारत ने 89 रन से मात दी।

वसीम ने कहा, टीम चयन ही गलत था। विश्व कप से पहले किसी तरह की रणनीति नजर नहीं आई। उन्होंने कहा, जीत हार खेल का हिस्सा है लेकिन इस तरह से बिना लड़े हारना सही नहीं है। टास जीतकर गेंदबाजी के अपने फैसले का पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने भले ही बचाव किया हो लेकिन पूर्व क्रिकेटरों ने इसे गलत ठहराया। पूर्व टैस्ट बल्लेबाज बासित अली ने कहा, विराट कोहली दिमागी खेल खेलते हैं। उसने कहा कि वह पहले गेंदबाजी चुनते और हम उनके जाल में फंस गए। पूर्व तेज गेंदबाज सिकंदर बख्त ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से ऐसा इंतजाम करने को कहा कि अच्छा प्रदर्शन नहीं करने पर खिलाड़ियों के अनुबंध और मैच फीस में से पैसा काट लिया जाए। उन्होंने कहा, इन खिलाड़ियों को जवाबदेह बनाना होगा। उन्हें दबाव में खेलने का शऊर आना ही चाहिए। प्रदर्शन के आधार पर ही भुगतान होना चाहिए। पूर्व कप्तान मोहम्मद युसूफ ने कहा, भारत के खिलाफ मुकाबला अहम होता है और हम कभी हारना नहीं चाहते लेकिन कल हमारे कप्तान और खिलाड़ियों के हाव भाव सकारात्मक नहीं थे और ऊर्जा का भी अभाव था। उन्होंने कहा, दो साल पहले कोहली ने टास जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता देने की गलती की जो सरफराज ने कल दोहराई। बड़े मैच में लक्ष्य का पीछा करना हमेशा कठिन होता है।

## खिलाड़ियों में आपसी मतभेद की वजह से हारे : पाक मीडिया

कराची, 17 जून (भाषा)।

भारत के हाथों विश्व कप के मैच में पाकिस्तान की शर्मनाक हार के लिए स्थानीय मीडिया ने खिलाड़ियों के बीच आपसी मतभेदों और कप्तान सरफराज अहमद को जिम्मेदार ठहराया है। पाकिस्तानी क्रिकेट जगत के लिए भारत से कहीं भी मिलने वाली हार को पचाना मुश्किल होता है। मैनचेस्टर में रविवार को मिली हार के बाद मीडिया अब हार के कारणों की पड़ताल में जुट गया है।

'समा' न्यूज चैनल ने कहा कि आउट होने के बाद सरफराज ने कथित तौर पर आपा खो दिया और इमाद वसीम तथा इमाम उल हक समेत खिलाड़ियों पर उनके खिलाफ गुटबाजी करने का आरोप लगाया। 'दुनिया' समाचार चैनल ने कहा कि टीम में दो गुट हैं जिनमें एक मोहम्मद आमिर का और दूसरा इमाद का है। आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद एक मशहूर अभिनेता और क्रिकेटप्रेमी ने सोशल मीडिया पर मौखिक संदेश जारी करके शोएब मलिक, इमाम और बाबर आजम पर सरफराज के खिलाफ गुट खड़ा करने का आरोप लगाया।

एजंसी ने जब दो खिलाड़ियों से संपर्क किया तो उन्होंने गुटबाजी से इनकार किया लेकिन कहा कि सरफराज काफी नाराज होकर ड्रेसिंग रूम में आए थे और अपना गुस्सा कुछ खिलाड़ियों पर निकाला। एक खिलाड़ी ने कहा, लेकिन वह हताशा की वजह से था। उन्होंने किसी पर आरोप नहीं लगाया या गुटबाजी की बात नहीं की। उन्होंने यह जरूर कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। पूर्व कप्तान मोईन खान ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का फर्ज है कि वह अपने प्रबंधन का साथ दे। उन्होंने कहा, बड़े मैच हारने पर ड्रेसिंग रूम में मतभेदों की बात हमेशा होती है।

आस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ गलतियां हुई लेकिन वह सरफराज के साथ हैं।

## हम नब्बे के दशक में अच्छी टीम थे, अब भारत बेहतर है : सरफराज

मैनचेस्टर, 17 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने इस बात को स्वीकार किया कि नब्बे के दशक में उनकी टीम भारत से बेहतर थी लेकिन अब हालात इसके विपरीत है। भारत से विश्व कप के मैच में मिली हार के बाद पाकिस्तानी कप्तान पर उनके देश के मीडिया ने असहज सवालों की बौछार कर दी। यह पूछने पर कि क्या इतने साल में भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का रोमांच खत्म हो गया है, सरफराज ने कहा, हम दबाव का बखूबी सामना नहीं कर पा रहे। इस तरह के मैचों में दबाव का सामना करने वाली टीम जीतती है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिच नम होने पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी की सलाह दी थी लेकिन सरफराज ने पहले गेंदबाजी के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि तीनों विभागों में नाकामी के कारण उनकी टीम हारी।


(This is only an advertisement for information purpose and is not a prospectus announcement and does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe for securities. Not for publication or distribution or indirectly outside India)

anand RAYONS LTD.

ANAND RAYONS LIMITED

Corporate Identification Number: U51909GJ2018PLC104200

Our Company was originally formed and registered as a partnership firm under the Partnership Act, 1932 ("Partnership Act") in the name and style of "M/s Anand Enterprise", pursuant to a deed of partnership dated July 01,1987. Subsequently, the partnership firm was reconstituted on April 3,1992, October 8, 1999 and March 09, 2018. Thereafter, the partnership firm was converted in to a public limited company on September 20, 2018 under Part I chapter XXI of the Companies Act, 2013 in the name and style of "M/s. Anand Rayons Limited" and received a certificate of incorporation dated October 02, 2018 from the Deputy Registrar of Companies, Central Registration Center, Ministry of Corporate Affairs. The Corporate Identification Number of our Company is CIN: U51909GJ2018PLC104200. For further details, please refer to chapter titled "Our History and Certain Corporate Matters "beginning on page no. 74 of the Prospectus.

Registered Office : 305-306, Jay Sagar Complex, Opp. Sub Jail, Khatodra, Surat-395002 Gujarat.
Tel No: - 0261-2635521; Website: www.anandrayons.com; E-Mail: anandrayonsltd@gmail.com;

Company Secretary and Compliance Officer: Mr. Rahul Makwana

PROMOTER OF THE COMPANY: MR. ANAND BAKSHI

THE ISSUE

PUBLIC ISSUE OF 46,88,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH OF ANAND RAYONS LIMITED ("ARL" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 27 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 17 PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ 1265.76 LACS ("THE ISSUE"), OF WHICH 2,40,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH WILL FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 27 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 17 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 64.80 LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION i.e. NET ISSUE OF 44,48,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH AT A PRICE OF ₹ 27 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 1200.96 LACS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 31.29% AND 29.68 %, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO SECTION TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE NO. 128 OF THE PROSPECTUS.

CORRIGENDUM CUM ADDENDUM TO PROSPECTUS

This corrigendum cum addendum should be read with the prospectus dated June 04, 2019 filed with Registrar of Companies at Ahmedabad and Pre Issue Advertisement released on June 14, 2019 in the Financial Express and Jansatta.

In the above referred prospectus and pre-issue advertisement, the website of Lead Manager M/s. Guiness Corporate Advisors Private Limited is mentioned as www.guinessonline.net. The said website is crashed on account of technical reason therefore the website www.guinesscorporate.com be read instead of www.guinessonline.net where ever appear in prospectus and pre-issue advertisement.

Date : June 17, 2019
Place : Surat, Gujarat

For, ANAND RAYONS LIMITED
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Anand Bakshi
Managing Director

Anand Rayons Limited is proposing, subject to market conditions, an initial public issue of its equity shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Ahmedabad. The Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager at www.guinesscorporate.com, website of the BSE at www.bseindia.com and website of Issuer Company at www.anandrayons.com. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Prospectus including the section titled "Risk Factors" beginning on page no. 12 of the Prospectus. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act (the "Securities Act") or any state securities law in United States and will not be issued or sold with in the United States or to, or for the account or benefit of "U.S. persons" (as defined in the Regulations under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.

Garima Advt



रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 212, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।


कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।